दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | सोमवार 30 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 191 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के 79वें जन्मदिन पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने उन्हें दिल्ली पहुंच कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मनोज गुप्ता ने प्रोफेसर रामगोपाल यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी जीवन, लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने इस दौरान सभी समर्थकों, शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रयागराज में सांसद चंद्रशेखर आजाद नजरबंद

## पांच हजार समर्थकों ने किया बवाल, महिलाएं और बच्चे घायल

**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को रविवार को प्रयागराज में हाउस अरेस्ट कर लिया गया। वह कौशांबी और करछना में हाल में हुई घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे थे। फिर वह अपने समर्थकों के साथ सर्किट हाउस में ही धरने पर बैठ गए।

वहीं, हाउस अरेस्ट के विरोध में चंद्रशेखर के 5000 समर्थकों ने करछना इलाके में सड़क पर जमकर हंगामा किया। पुलिस की गाड़ियां तोड़ दीं और बसों पर पथराव कर दिया। पुलिस की 8 और बसों समेत 7 प्राइवेट गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

भडेवरा बाजार में पुलिस और आम नागरिकों पर ईंट-पत्थर बरसाए। इससे मची भगदड़ में कई महिलाएं और बच्चों समेत 15 लोग जख्मी हो गए। कई दुकानों पर पथराव कर शीशे तोड़े गए। दुकानदारों ने कहा कि सवर्ण समाज की दुकानों में तोड़फोड़ की गई।

पुलिस ने लाठी भांजकर भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता मानने को तैयार नहीं थे।





इसके बाद नैनी, औद्योगिक क्षेत्र, करछना, घूरपुर, कौंधियारा, कीडगंज, बारा, मुट्ठीगंज थाने की फोर्स करछना पहुंची। हालात काबू करने के लिए पीएसी और आरएएफ को भी मौके पर बुलाया गया। भीम आर्मी के 17 कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। करीब 5 घंटे चले बवाल को पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद काबू किया।

रात करीब 8 बजे चंद्रशेखर आजाद को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में प्रयागराज से वाराणसी भेजा गया। वाराणसी एयरपोर्ट से 30 जून की सुबह 9 बजे चंद्रशेखर फ्लाइट से दिल्ली जाएंगे।

उधर, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के हेल्पलाइन नंबर के वॉट्सऐप पर सांसद चंद्रशेखर आजाद को 10 दिन में मारने की धमकी दी गई। धमकी देने वाले का नंबर-7524989974 है। पार्टी ने धमकी देने वाले की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस-पब्लिक पर फेंके जा रहे ईंट-पत्थर :** यमुनानगर करछना थाना अंतर्गत भड़ेवरा बाजार में भीम आर्मी के कार्यकताओं ने चक्का जाम किया। इसे खुलवाने आई पुलिस पर भीड़ ने पथराव कर दिया। बड़े-बड़े ईंट-पत्थर मारे जा रहे हैं, उपद्रव मचाया जा रहा। भीम आर्मी के लोग पुलिस की गाड़ियां तोड़ रहे हैं। भीम आर्मी के द्वारा भारी बवाल किया जा रहा है। भड़ेवरा बाजार में पुलिस बेबस हो चुकी है। आम पब्लिक पर भी पथराव किया जा रहा है। भड़ेवरा बाजार में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

**पीड़ितों से मिलने नहीं दे रहे, सरकार जरूर कुछ छिपा रही :** चंद्रशेखर ने कहा कि वह केवल पीड़ितों से मिलने और उनकी व्यथा सुनने के लिए आए थे, न कि किसी प्रदर्शन के लिए। कौशांबी में 2 दलित परिवार और करछना में एक ब्राह्मण परिवार हाल की घटनाओं से प्रभावित हुए हैं। वे उनसे मिलकर जमीनी सच्चाई जानना चाहते थे।

# आईएएस आरके सिंह को बनाया गया यमुना अथॉरिटी का सीईओ

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को आठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। तबादलों की इस कड़ी में सरकार ने आईएएस अधिकारी आरके सिंह को यमुना अथॉरिटी का सीईओ बनाया है। आईएएस आरके सिंह मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव पद पर तैनात थे। उन्हें शासन ने यमुना अथॉरिटी का सीईओ नियुक्त किया है।

राकेश कुमार सिंह आईएएस की गिनती उत्तर प्रदेश के तेज तर्रार और कुशल अधिकारियों में होती है। आरके सिंह को यमुना अथॉरिटी का सीईओ बनाये जाने के साथ-साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि राकेश कुमार सिंह इससे पहले भी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में तैनात रह चुके हैं।






वर्ष 2008 बैच के आईएएस राकेश कुमार सिंह गाजियाबाद में भी जिलाधिकारी के पद पर भी तैनात रहे हैं। उन्हें नीतिगत फैसले लेने के लिए दक्ष माना जाता है और सबसे बड़ी बात ये है कि वह एक ऐसे अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं जिनकी कार्यशैली हमेशा शासन की मंशा के अनुरूप रहती है।

गाजियाबाद में रहते हुए वह जनता के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं। वो ऐसे डीएम के रूप में जनता के बीच प्रसिद्ध हैं जो अपने कक्ष में दरवाजे खोलकर बैठते थे और नियम से जनसुनवाई करते थे। राकेश कुमार सिंह को आईएएस बनने के बाद गौतमबुद्ध नगर में अतिरिक्त सीईओ यमुना अथॉरिटी के पद पर पहली पोस्टिंग मिली।

वह इससे पहले हापुड, पिलखुवा, गाजियाबाद और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों में वीसी के पद पर तैनात रह चुके हैं। मुरादाबाद और गाजियाबाद में वह डीएम भी रहे हैं। इसके अलावा वह मुरादाबाद में नगर आयुक्त और उत्तर प्रदेश गन्ना संस्थान चीनी मिल में एमडी भी रह चुके हैं। राकेश कुमार सिंह की यमुना अथॉरिटी में सीईओ के पद पर तैनाती के साथ ही यह माना जा रहा है कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कई मामले भी सुलझेंगे।

# आपातकाल की यादें अब भी स्मृति पटल पर अंकित हैं : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आपातकाल में गाजियाबाद में सबसे कम ज्यादतियां हुई। इसका बड़ा कारण था कि इंद्राज सिंह ब्रह्मचारी नाम के पुलिस इंस्पेक्टर यहां पोस्टेड थे। वे बहुत सख्त इंस्पेक्टर थे। अपराधी उसके नाम से डरते थे। लेकिन उन्होंने अति उत्साह में किसी भी राजनैतिक कार्यकर्ता के साथ ज्यादती नहीं की। प्रशासन से निर्देश आया कि विरोधी दलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके तत्काल जेल भेजो तो उन्होंने जनसंघ के दिनेशचंद गर्ग, बलदेवराज शर्मा, तेलूराम कांबोज, युवा नेता अनिल अग्रवाल तोला और महेश यात्री को गिरफ्तार करके भेज दिया। इंस्पेक्टर ब्रह्मचारी जी का कहना था कि हमारे क्षेत्र में कोई उपद्रव नहीं है, इसलिए अनावश्यक उत्तेजित करने के लिए कार्यवाही करने का कोई औचित्य नहीं है। बाद में इंद्राज सिंह ब्रह्मचारी जी डिप्टी एसपी पद से सेवा निवृत हुए और गाजियाबाद में ही उनका आवास था।

जहां तक मुझे ध्यान पड़ता है कि गाजियाबाद से पहला सत्याग्रह कचहरी में विद्यावती गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल भाग्य विक्रम के पति विक्रम सिंह के नेतृत्व में 5 या 7 सर्वोदयी लोगों ने किया था। उसके बाद लोकदल के नेता राजेंद्र चौधरी, के सी त्यागी,विजयमोहन, अनूप चौधरी लगभग 15 लोगों ने सत्याग्रह करके गिरफ्तारी दी थी। संघ के आह्वान पर जो सत्याग्रह हुआ उसमें बनवारी लाल जी के नेतृत्व में साहिबाबाद के नरेश जी और दत्ता जी ने गिरफ्तारी दी थी। मुरादनगर से मास्टर प्रताप सिंह जी, ओमपाल त्यागी, खिंदौड़ा के दो भाजपा के लोगों ने सत्याग्रह करके गिरफ्तारी दी। वैसे संघ के कई बड़े लोग भी गिरफ्तार हुए थे। उनमें डॉ. जगमोहन गर्ग जी भी थे जिन्हें बाद में सेना की सिफारिश पर सेना को विशेष किस्म का वायर सप्लाई न होने के कारण जमानत दी गई थी। ये हो सकता है कोई नाम मेरी स्मृति से छूट गया हो। लेकिन कुल मिलाकर गाजियाबाद के पुलिस प्रशासन ने कोई प्रताड़ना की कार्यवाही नहीं की।




आपातकाल में गाजियाबाद में सबसे कम ज्यादतियां हुई। इसका बड़ा कारण था कि इंद्राज सिंह ब्रह्मचारी नाम के पुलिस इंस्पेक्टर यहां पोस्टेड थे।

प्रशासन से निर्देश आया कि विरोधी दलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके तत्काल जेल भेजो तो उन्होंने जनसंघ के दिनेशचंद गर्ग, बलदेवराज शर्मा, तेलूराम कांबोज, युवा नेता अनिल अग्रवाल तोला और महेश यात्री को गिरफ्तार करके भेज दिया।

मुझे याद आ रहा है कि बनवारी लाल जी के साथ जिन लोगों ने गिरफ्तारी दी थी, उनको दैनिक उपयोग का कुछ सामान देना था। मैं वकील था,उस नाते मैंने स्वय कहा कि मैं थाने में दे देता हूं। मैं सामान लेकर कोतवाली घंटाघर में अंदर चला गया। वहां इंस्पेक्टर ब्रह्मचारी मुझ पर भड़क गए और बोले क्या मजाक बना रखा है कोई सामान देना है तो कचहरी में देना या जेल में जाकर मेरठ देकर आना। और धीरे से बोले मेरे विरुद्ध तो वैसे ही कांग्रेसी शासन को शिकायत करते रहते हैं कि ये विरोधी दलों के विरुद्ध कड़ी कार्य वाही नहीं करते ऊपर से आप ये सामान देने आ गए हो ।

आपातकाल में अक्सर कोई न कोई अफवाह उड़ती रहती थी। कई बार होता था कि आज रात को गिरफ्तारियां होंगी। हमें भी अपने नेता होने का भ्रम था इसलिए हम भी गिरफ्तारी से बचने का प्रयास करते रहते थे। एक दिन तेलूराम कांबोज ने मुझसे कहा कि आज पक्की सूचना है कि रात को गिरफ्तारी होगी। आज रात को घर मत सोना।

उन्होंने सुझाव दिया कि रात को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल स्कूल की छत पर सोया जाय। मैंने भी वहां पहुंचने की सहमति दे दी। शाम को मै घर से साइकिल से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल कविनगर के लिए चला और रास्ते में सोचने लगा कि मैं कोई इतना बड़ा नेता थोड़े ही हूं जो मेरी गिरफ्तारी करने पुलिस मेरे घर आएगी। अगर पुलिस को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल की छत पर सोने की सूचना मिल गई और गिरफ्तारी हुई तो मेरी वहां उपस्थिति होने के कारण गिरफ्तारी जरूर हो जाएगी। इस विचार के कारण मै रास्ते से ही वापिस अपने घर लौ ट गया। रात भर तेलूराम कांबोज सोचते रहे कि कहीं उसकी गिरफ्तारी रास्ते में ही तो नहीं हो गई।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# केरल से लेकर दिल्ली तक तय समय से पहले पहुंचा मानसून

## मानसून के रुकने के बाद धीरे-धीरे इसकी रफ्तार फिर तेज हुई

**नई दिल्ली।** देशभर में झमाझम बारिश का सिलसिला समय से पहले शुरू हो गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, इस बार मानसून ने दिल्ली में दस्तक तय तारीख से एक दिन पहले, यानी 29 जून को दे दी। यही नहीं, पूरे देश में मानसून ने नौ दिन पहले ही अपनी पकड़ बना ली। आमतौर पर मानसून 8 जुलाई तक पूरे भारत में फैल जाता है, लेकिन इस साल यह रिकॉर्ड समय से पहले पूरे देश में सक्रिय हो गया।

मानसून हर साल सबसे पहले केरल पहुंचता है, जिससे पूरे देश में बारिश की शुरूआत मानी जाती है। इस बार मानसून 24 मई को ही केरल पहुंच गया, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी था। साल 2009 में भी मानसून 23 मई को केरल पहुंचा था। इस बार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी पर बने मजबूत लो-प्रेशर सिस्टम ने मानसून को तेजी से आगे बढ़ाया, जिससे 29 मई तक मुंबई, महाराष्ट्र का बड़ा हिस्सा और पूर्वोत्तर भारत में बारिश का दौर शुरू हो गया।






पूरे देश में मानसून नौ दिन पहले सक्रिय हुआ

**18 दिन की रफ्तार पर लगी ब्रेक :** हालांकि, 29 मई के बाद मानसून की रफ्तार थम गई। पूरे 18 दिन यानी 16 जून तक मानसून आगे नहीं बढ़ पाया। इस दौरान खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्सों में लोग गर्मी से बेहाल रहे। इसकी वजह रही एंटी-साइक्लोनिक हवाएं, जो मानसून की नमी वाली हवाओं के रास्ते में बाधा बनीं।

मानसून के रुकने के बाद धीरे-धीरे इसकी रफ्तार फिर तेज हुई और आखिरकार 29 जून को दिल्ली में मानसून ने दस्तक दे दी। आमतौर पर दिल्ली में 30 जून को मानसून पहुंचता है, लेकिन इस बार यह एक दिन पहले आ गया।

# पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़

## 3 की मौत और 50 लोग घायल, सीएम माझी ने माफी मांगी

**ओडिशा।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हो गए। घायलों में 6 की हालत गंभीर है।

हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची।

सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ह्यमैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है।ह्न




इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है।

जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, लोगों में दर्शन की होड़ लग गई। पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई। इसी दौरान भगदड़ मची, जिसमें गिरने से कई लोग कुचल गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं।

**शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी थी :** इससे पहले शुक्रवार (27 जून) को देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से ज्यादा श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई थी। प्रशासन के मुताबिक 70 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**रथयात्रा शुक्रवार को शुरू, रविवार को पूरी हुई :** पुरी में शुक्रवार (27 जून) को शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू हुई थी। सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ खींचा गया। इसके बाद सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ खींचे गए। पहले दिन बलभद्र का रथ 200 मीटर तक खींचा गया, सुभद्रा-भगवान जगन्नाथ के रथ भी कुछ दूरी तक खींचे गए।

शनिवार को 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंचा।

### मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# आपातकाल में संविधान की निर्मम हत्या की गई




**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए।

पीएम मोदी ने कहा 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। हमने इस बार योग दिवस की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा।'

पीएम मोदी ने योग दिवस की सफलता का भी किया जिक्र

'हिमालय की बर्फीली चोटियां और क्ळइढ के जवान, वहां भी योग किया, साहस और साधना साथ-साथ चले। गुजरात के लोगों ने भी एक नया इतिहास रचा। वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आईं और हर तस्वीर में एक बात खास रही – शांति, स्थिरता और संतुलन। हमारे नौसेना के जहाजों पर भी योग की भव्य झलक दिखी। तेलंगाना में तीन हजार दिव्यांग साथियों ने एक साथ योग शिविर में भाग लिया। उन्होंने दिखाया कि योग किस तरह सशक्तिकरण का माध्यम भी है। इस बार की थीम भी बहुत विशेष थी। ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ण का अहसास कराती है।

**'धार्मिक यात्राओं के लिए शुभकामनाएं' :** 'मेरे प्यारे देशवासियो, जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। इनके अलावा, इन यात्राओं का एक और बड़ा पक्ष होता है। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं। जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं, उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है।

ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये यात्राएं ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्ण के भाव का प्रतिबिंब है। जब हम सच्चे मन से यात्रा करते हैं मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और जो लोग इन यात्राओं में सेवाभाव से जुटे हैं, उन्हें भी साधुवाद देता हूं।'

# दिल्ली की सीएम ने किए बांकेबिहारी के दर्शन, परिवार सहित की पूजा-अर्चना

**वृंदावन।** दिल्ली की मख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार की सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचकर आराध्य के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने आराध्य से देश और दिल्ली की तरक्की और खुशहाली की कामना की है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह मंदिर के पट खुलने से पहले पहुंचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पुलिस सुरक्षा घेरे में मंदिर कटहरे पर पहुंचाया। तय समय 7.45 बजे मंदिर के पट खुले तो दिव्य फूलबंगला में विराजित ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन कर सीएम रेखा गुप्ता मुग्ध हो गईं।



देश व दिल्ली को पूर्ण विकसित करने के साथ तरक्की व सौहार्द बनाए रखने की कामना की है।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा उन्होंने आराध्य बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश व दिल्ली को पूर्ण विकसित करने के साथ तरक्की व सौहार्द बनाए रखने की कामना की है। इससे पहले मंदिर सेवायत आचार्य मयंक गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना कर दीपक जलाया। सेवायतों ने मुख्यमंत्री को ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र व प्रसाद भेंट किया।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह मंदिर के पट खुलने से पहले पहुंचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पुलिस सुरक्षा घेरे में मंदिर कटहरे पर पहुंचाया। तय समय 7.45 बजे मंदिर के पट खुले तो दिव्य फूलबंगला में विराजित ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन कर सीएम रेखा गुप्ता मुग्ध हो गईं।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा उन्होंने आराध्य बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश व दिल्ली को पूर्ण विकसित करने के साथ तरक्की व सौहार्द बनाए रखने की कामना की है। इससे पहले मंदिर सेवायत आचार्य मयंक गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना कर दीपक जलाया। सेवायतों ने मुख्यमंत्री को ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र व प्रसाद भेंट किया।

### जंतर-मंतर पर आप का प्रदर्शन, भाजपा पर बरसे केजरीवाल

# कहा, 'जहां झुग्गी-वहां मकान का मतलब था, जहां झुग्गी-वहां मैदान'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झुग्गियों के तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी आज जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस आयोजन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, आतिशी समेत तमाम बड़े नेता शामिल हुए हैं। इस दौरान केजरीवाल भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, 'मोदी जी ने लोगों को 'जहां झुग्गी-वहां मकान' की गारंटी दी थी लेकिन उनका मतलब 'जहां झुग्गी-वहां मैदान' था और अब इन्होंने झुग्गियां तोड़कर मैदान बना दिया है। मोदी जी की गारंटी झूठी है। अब आप लोग ध्यान रखना कि कभी भी मोदी जी की झूठी गारंटियों पर भरोसा नहीं करना है।'




**रेखा सरकार पर केजरीवाल का हमला :** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसी जंतर मंतर से आम आदमी पार्टी ने अपना आंदोलन शुरू किया था। आज फिर से झुग्गियों को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपना आंदोलन शुरू किया है। दिल्ली की झुग्गियों में 40 लाख लोग रहते हैं। यदि भाजपा ने दिल्ली की झुग्गियों को तोड़ना बंद नहीं किया तो रेखा गुप्ता की सरकार पांच साल नहीं चल पाएगी। भाजपा की सरकार ने पांच महीने में दिल्ली की व्यवस्था को बेकार कर दिया है।

केजरीवाल ने कहा कि फरवरी में जब आम आदमी पार्टी की सरकार गई थी। उस समय दिल्ली में 24 घंटे बिजली आया करती थी लेकिन अब लंबे-लंबे पावर कट लग रहे हैं। भाजपा मुफ्त बिजली की स्कीम को बंद कर देगी। दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाना फीस बढ़ाना शुरू कर दिया है जबकि आपकी सरकार में निजी स्कूल फीस नहीं बढ़ा पा रहे थे। दिल्ली में पानी को लेकर हाहाकार है। हफ्तों तक पानी नहीं आ रहा। भाजपा सरकार लगातार मोहल्ला क्लिनिको को बंद कर रही है।

**भाजपा और कांग्रेस अमीरों की पार्टी: केजरीवाल –** केजरीवाल ने आगे कहा कि भाजपा के पांच साल के बाद दिल्ली 50 साल पीछे चली जाएगी। दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा की सरकार एक जैसा ही काम करती है। दोनों दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तब भी काफी झुग्गियों को तोड़ा जाता था।

# भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा पर लगा ब्रेक

## लगातार हो रहा भूस्खलन, श्रद्धालुओं से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील

**देहरादून।** ाानसून की भयंकर बारिश ने उत्तराखंड में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। देवभूमि में जारी मूसलाधार वर्षा ने सामान्य जनजीवन को भी पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।

भारी बारिश और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटे के लिए पूरी तरह रोक दिया गया है। प्रशासन ने सभी तीर्थयात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और मौसम सुधरने तक यात्रा शुरू न करने की अपील की है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून द्वारा जारी मौसम पूवार्नुमान एवं भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी के जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे तक के लिए स्थगित करने के निर्देश दिए हैं।



**भूस्खलन और मार्ग अवरुद्ध :** प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण लगातार भूस्खलन हो रहा है। शनिवार शाम को बद्रीनाथ हाईवे भूस्खलन के कारण बंद हो गया, जिससे 3000 से अधिक श्रद्धालु रास्ते में फंस गए थे।

**खतरनाक हुआ पैदल मार्ग :** यमुनोत्री और गंगोत्री मार्ग भी कई बार बाधित हुए हैं। इसके अलावा, केदारनाथ और यमुनोत्री के पैदल मार्ग पर पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है, जिससे यात्रा बेहद जोखिम भरी हो गई है।

**मौसम विभाग का रेड अलर्ट :** मौसम विभाग ने रविवार को पूरे उत्तराखंड में बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जो स्थिति की गंभीरता को दशार्ता है।

**प्रशासनिक अलर्ट और बचाव कार्य :** आयुक्त पांडेय ने बताया कि संबंधित जिलों के प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है और राहत एवं बचाव दल पूरी तरह सक्रिय हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने की अपील



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेशवासियों और सभी यात्रियों से अगले 24 घंटे तक अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा है, ₹आप सभी से अनुरोध है कि सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें, और प्रशासन के स्तर पर जारी होने वाले दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# सुपारी देकर बाप ने करवाया बेटे का कत्ल

## खूब पिलाई शराब... फिर मारी गोली, शादीशुदा महिला से संबंधों के कारण नाराज था पिता

**अमरोहा।** अमरोहा में बेटे के शादीशुदा महिला से संबंधों से नाराज पिता ने सुपारी देकर उसकी हत्या करा दी। उसने अपने दोस्त के जरिए दो बदमाशों को 2.70 लाख रुपये में सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी पिता सतेंद्र, उसके दोस्त उमर और सुपारी लेने वाले बदमाश जरीफ एवं रईस को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा किया है।

बेटे दीपक की हत्या कराने के लिए पिता छह माह से साजिश रच रहा था। वारदात से पहले आरोपियों ने दीपक को खूब शराब पिलाई, इसके बाद शहबाजपुर कलां गांव के जंगल में ले जाकर तमंचे से गोली मार दी।





एसपी के मुताबिक, 22 जून की शाम को सतेंद्र ने अपने बेटे दीपक को उमर के घर भेजा था, यहां उसे पाइप देखने के लिए भेजा गया था। उमर ने यह जानकारी जरीफ को फोन पर दी। दीपक शराब पीने का आदी था, इसलिए जरीफ और रईस शराब की दो बोतल लेकर उमर के घर पहुंचे।

**दीपक के सिर और चेहरे पर फावड़े से वार :** यहां, जरीफ और रईस ने दीपक को खूब शराब पिलाई। रात में करीब 10.30 बजे, जरीफ और रईस दीपक को उसकी बाइक पर बैठाकर ले गए और उमर के घर से एक फावड़ा भी साथ ले गए थे। दोनों ने शहबाजपुर कलां गांव के जंगल में दीपक के सिर और चेहरे पर फावड़े से वार किया।

**पहचान मिटाने के लिए दीपक के कपड़े उतारे :** इसके बाद, कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में ले जाकर तमंचे से गोली मारी और हत्या कर दी। पहचान मिटाने के लिए दीपक के कपड़े उतार दिए और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।

**NAME CHANGED**

I,Pradeep Kumar S/O Nem Chand Jain R/O 14A/636, Vasundhara, Ghaziabad, have changed my name to Pradeep Kumar Jain for future purposes.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# हाउस टैक्स को लेकर नगर निगम की बोर्ड बैठक आज

**-निगम अधिकारी और पार्षद पहुंचेंगे तैयारी के साथ**

**- बड़ी संख्या में भाजपा पार्षद जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कर रहे हैं बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज सोमवार है और नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में सुबह 11 बजे से नगर निगम की बोर्ड बैठक बुलाई गई है। नगर निगम गाजियाबाद बोर्ड बैठक का विषय इस बार हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी के विषय को लेकर है। बताया जा रहा है कि आज होने वाली बैठक में जहां नगर निगम के अधिकारी अपनी फाइलों और पूरी तैयारी के साथ आएंगे। तो वहीं हाउस टैक्स के विरोध में लगातार मोर्चा खोले हुए भारतीय जनता पार्टी के पार्षद भी लगभग बीते एक सप्ताह से बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध को लेकर लैटर और इस मैटर को प्रमुखता के साथ उठा रहे हैं। वह गाजियाबाद के सांसद, कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, विधायक, एमएलसी, मेयर और महानगर अध्यक्ष के साथ कई स्तर की बैठक कर चुके हैं। अब कहा जा रहा है कि सोमवार को होने वाली नगर निगम की बैठक का माहौल हाई वोल्टेज रहने वाला है। तो वहीं नगर निगम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को नगर निगम की बैठक फिर लंबी चल सकती है। आज बैठक है और बैठक में क्या रणनीति बनती है और क्या हल निकाल कर आता है। यह दोपहर बाद तक स्पष्ट हो पाएगा।




## आज निकल जाएगा हल या 29 जुलाई की डेट का होगा अभी वेट

करंट क्राइम : सोमवार को होने वाली नगर निगम की बैठक यह स्पष्ट करेगी कि बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान और पूर्व पार्षदों का जो विरोध हुआ है, वह कितना कारगर साबित होगा। इसके साथ ही आज ही यह भी स्पष्ट होगा कि बढ़े हुए हाउस टैक्स के विषय पर शहर की जनता को सोमवार को ही कोई रिजल्ट मिल जाएगा या इस पूरे मामले के लिए 29 जुलाई को कोर्ट में होने वाली सुनवाई का वेट करना पड़ेगा। बता दें कि पूर्व पार्षदों द्वारा नगर निगम के ऊपर आरोप लगाते हुए की निगम अधिकारियों द्वारा बोर्ड बैठक और सदन को दरकिनार करते हुए अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी की गई है। इस विषय को लेकर 29 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई होनी है। अब देखना होगा कि सोमवार को हाउस टैक्स की महत्वपूर्ण बैठक में कुछ हल निकलता है या 29 जुलाई का सभी को वेट करना होगा।

## सपा कांग्रेस से लेकर व्यापारिक और सामाजिक संगठन भी कर रहे हैं हाउस टैक्स का विरोध

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ाने के मामले को लेकर न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और पूर्व पार्षद आंदोलन और अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर लोकल स्तर के नेता और समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री राकेश यादव द्वारा इस हाउस टैक्स के विषय को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी गई है। सपा ने कहा है कि अगर हाउस टैक्स कम नहीं हुआ तो लखनऊ तक प्रदर्शन होगा और योगी आदित्यनाथ से प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करेगा। तो वहीं अलग-अलग रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के साथ ही कई प्रमुख व्यापार मंडल और अन्य सामाजिक संगठन हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर लगातार लामबंद है। वह इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, तो लगातार महापौर और नगर आयुक्त से भी मुलाकात कर रहे हैं। देखना होगा कि सोमवार को नगर निगम सभागार में होने वाली बैठक के बाद हाउस टैक्स के विषय पर क्या समाधान निकालता है या इस मामले में अभी लंबी लड़ाई इन सभी लोगों को और लड़नी पड़ेगी देखना शेष है।

# कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए सीपी ने की ट्रांस हिंडन जोन की मीटिंग

## तीन साल के क्राइम डाटा और गूगल मैपिंग पर हुई ब्रीफिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा



ट्रांस हिंडन जोन के एसीपी थानों के प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट कांस्टेबल और बीट अफसर के साथ क्राइम कंट्रोल और लॉ एंड ऑर्डर के साथ ही आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर ब्रीफिंग की। इस दौरान लूट की घटनाओं को खोलने के लिए गूगल मैपिंग के साथ ही किसी भी वारदात के बाद उनके बीट अफसर और बीट कांस्टेबल कितने देर में पहुंचते हैं, इसके रिस्पांस टाइम की जांच करने का निर्देश पुलिस कमिश्नर द्वारा डीसीपी और एसीपी को दी गई है। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए दक्ष और विशेष योग्यता वाले पुलिसकर्मियों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। वहीं अपराध नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण चौराहों और अपराधियों के आने-जाने वाले संभावित मार्ग को सीसीटीवी से फूल प्रूफ बनाने का भी पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिया है।

## भ्रष्टाचार की शिकायतों पर तत्काल होगा एक्शन : सीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने मीटिंग के दौरान सभी को निर्देश दिया है कि कहीं पर भी किसी प्रकार से भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर पुलिसकर्मी को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी ड्यूटी देनी है। भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त और बक्सा नहीं जाएगा।

## अधिकारियों को करनी है नियमित जनसुनवाई और अपराधियों पर हो लगातार कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा जहां एसीपी और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गंभीर अपराध के वांछित अपराधियों और इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी की जाए। तो वहीं समस्त राजप्रत्रिथ अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करते हुए प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण जांच करते हुए विधिक निस्तारण भी करना है। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराजीय सीमा पर अपराध की रोकथाम सुरक्षा संयोजित करने के लिए निरंतर संघन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर रहे कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन एक्टिव

करंट क्राइम : इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने एसीपी इंदिरापुरम और साहिबाबाद को निर्देशित दिया है कि श्रावण मास और आगामी त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती हो। भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस कर्मियों के साथ ही बीट पुलिस पर तैनात पुलिस बल का इस्तेमाल किया जाए। वहीं सड़कों, फुटपाथ और बाजारों पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए।

# डीजी जेल पीसी मीणा ने किया डासना जेल का निरीक्षण

## अस्पताल से लेकर रसोई और बैरक से लेकर कैमरों तक का जाना हाल, बंदियों ने रामनाम के गीत सुनकर किया डीजी जेल का स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के डीजी जेल पीसी मीणा ने गाजियाबाद जिला कारागार डासना का निरीक्षण किया। तो डीजी जेल के पहुंचने पर उन्हें पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तो कारागार पुस्तकालय का अवलोकन करने के बाद बंदियों द्वारा यहां संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें भगवान राम के भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस भक्तिमय माहौल के बीच डीजी जेल ने जेल का निरीक्षण किया। तो यहां के बंदियों द्वारा तैयार किए जा रहे कई सराहनीय कार्यों की प्रशंसा भी की गई है। बता दें की गाजियाबाद



की डासना जेल पश्चिम उत्तर प्रदेश की प्रमुख और अधिक क्षमता वाली जेल में गिनी जाती है। यहां समय-समय पर उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, मंत्रीगण और शासन की जांच टीम आती रहती हैं।

## फाइलों और कैमरों की भी हुई जांच

करंट क्राइम : गाजियाबाद के निरीक्षण के दौरान डीजी जेल पीसी मीना ने जहां जेल की महत्वपूर्ण फाइलों का निरीक्षण किया। तो वहीं कारागार में 60 से अधिक लगे कैमरों का अवलोकन किया, वह किस हालत में हैं और किस दिशा में लगाए गए हैं। इसके साथ ही डीजी जेल ने अधिकारियों से समय-समय पर इसके निरीक्षण करने को भी कहा है। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार मेरठ परिक्षेत्र सुभाष चंद्र शाक्य, जेल अधीक्षक गाजियाबाद सीताराम शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके तोमर और जेलर केके दीक्षित उपस्थित रहे।

## डीजी जेल ने कंप्यूटर सेंटर और सिलाई केंद्र भी देखा

करंट क्राइम : जिला कारागार गाजियाबाद डासना के निरीक्षण पर गाजियाबाद पहुंचे डीजी जेल उत्तर प्रदेश पीसी मीणा द्वारा यहां अधिकारियों से मुलाकात करने के बाद बंदियों की पाकशाला का निरीक्षण किया, तो यहां बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को देखा। तो इस दौरान जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई की पाकशाला की मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। जिस पर डीजी जेल ने इस कार्य को जल्द ही कराने का निर्देश दिया है। तो वहीं जेल में संचालित कार्यक्रमों जिसमें कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, एंब्रॉयडरी, पेंटिंग, हेयर कटिंग, हैंड होम डेकोर सामान, आर्ट एंड क्राफ्ट और कंप्यूटर प्रशिक्षण और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही कारागार में संचालित प्ले स्कूल और बाल क्रीड़ा स्थल की भी डीजी जेल ने तारीफ की।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के जन्मदिन पर लगा बधाई और शुभकामनाओं का मेला


































गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी विचाराधारा की यूनीवर्सिटी के प्रोफेसर कहे जाने वाले रामगोपाल यादव को उनके जन्मदिन पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने दिल्ली पहुंच कर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाजवादी पार्टी के सैंकड़ों नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी दिल्ली पहुंचे और अपने प्रिय नेता रामगोपाल यादव के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव के दिल्ली स्थित आवास पर बधाई देने वाले समर्थकों का मेला लगा रहा। इस दौरान समाजवादी कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

## संपादकीय

# बेकार की बहस

इसमें हर्ज नहीं कि संविधान पर फिर बहस चल निकली, लेकिन यह ठीक नहीं कि आपातकाल के समय जब लगभग पूरा विपक्ष जेल में था, तब संविधान में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़ने पर घिसी-पिटी बहस ही हो रही है। यह बहस इसलिए हो रही है, क्योंकि इंदिरा गांधी की ओर से 1975 में आपातकाल थोपे जाने और लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दमनचक्र चलाए जाने के घोर अलोकतांत्रिक फैसले के 50 वर्ष पूरे हुए।

इस अवसर पर जो कुछ कहा और लिखा गया, वह कांग्रेस को रास नहीं आया। उसने खुले-छिपे शब्दों में यह जताने में संकोच नहीं किया कि उसे इंदिरा गांधी के लोकतंत्र को कलंकित करने वाले फैसले की निंदा-आलोचना पसंद नहीं। देश जानना चाहेगा कि क्यों नहीं पसंद? देश यह भी जानना चाहेगा कि क्या जब संविधान में पंथनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्द नहीं थे, तब भारत पंथनिरपेक्ष और समाजवादी मूल्यों का वाहक नहीं था। भारत तो यूरोप में सेक्युलर शब्द के प्रचलन में आने के सदियों पहले सर्वपंथ समभाव अर्थात पंथनिरपेक्षता यानी सेक्युलरिज्म का हामी था।

यह विचित्र है कि जिसकी जरूरत संविधान निमार्ताओं और यहां तक कि प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी ने नहीं समझी, उसकी इंदिरा गांधी ने क्यों समझी? क्या यह सत्य नहीं कि अपने निर्वाचन के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के प्रतिकूल फैसले के चलते प्रधानमंत्री पद का त्याग करने से बचने के लिए इंदिरा गांधी ने आपातकाल थोपकर संविधान की प्रस्तावना बदली? यह कहना बौद्धिक बेईमानी है कि संविधान में सेक्युलर और सोशलिस्ट लिखे जाने से भारत पंथनिरपेक्ष और समाजवादी हो गया।

सेक्युलरिज्म का सही पर्यायवाची पंथनिरपेक्षता है, लेकिन प्रचलन में धर्मनिरपेक्षता है। आखिर कोई देश और कम से कम भारत धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? धर्म का अर्थ है व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का कर्तव्य। क्या भारत को इससे निरपेक्ष हो जाना चाहिए? क्या यह किसी और विशेष रूप से कांग्रेस से यह छिपा है कि समाजवाद ने देश का कैसा बेड़ा गर्क किया है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आज के अनेक कथित समाजवादी नेता कितने पाखंडी और परिवारवादी हैं।

आज तो समाजवाद घनघोर जातिवाद का भी पर्याय बन गया है। अच्छा हो कि देश बेकार की और समय जाया करने वाली बहस से बचे और ऐसे विषयों पर विचार-विमर्श हो, जिससे देश की जनता को कोई दिशा मिले और उसका भला हो। कांग्रेस को यह भी याद रहे तो अच्छा कि वह जिन भीमराव आंबेडकर की हितैषी बन गई है, वे संविधान में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द शामिल करने के पक्ष में नहीं थे। वे तो विभाजनकारी और कश्मीर में अलगाव पैदा करने वाले अनुच्छेद 370 के भी विरोधी थे।

# अमूल बना देश का सबसे भरोसेमंद फूड ब्रांड
# दूसरे नंबर पर मदर डेयरी की चमक बरकरार



**नई दिल्ली।** भारत में खाने-पीने के ब्रांड्स की बात करें तो देश की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है। ब्रांड फाइनेंस की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अमूल भारत का नंबर-1 फूड ब्रांड बना हुआ है। वहीं दिल्ली-एनसीआर की मदर डेयरी ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

ब्रांड फाइनेंस इंडिया की साल 2025 वाली रिपोर्ट के अनुसार, अमूल की ब्रांड वैल्यू 4.1 बिलियन डॉलर आंकी गई है। इसके बाद मदर डेयरी की ब्रांड वैल्यू 1.15 बिलियन डॉलर रही। तीसरे स्थान पर ब्रिटानिया, चौथे पर कर्नाटक की डेयरी कंपनी नंदिनी और पांचवें स्थान पर डाबर का नाम शामिल है।

**क्या बोले एमडी जयन मेहता? :** गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के एमडी जयन मेहता ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह देशभर के लाखों किसानों की मेहनत और उपभोक्ताओं के भरोसे का नतीजा है। अमूल न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लगातार अपना विस्तार कर रहा है और भारतीय परिवारों का भरोसा बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**मदर डेयरी की ब्रांड रैंकिंग में सुधार :** मदर डेयरी के एमडी मनीष बंदलिश ने भी इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मदर डेयरी की ब्रांड रैंकिंग में यह सुधार हमारे उपभोक्ताओं, किसानों, भागीदारों और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कंपनी का टर्नओवर 2024-25 में करीब 17,500 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 16 फीसदी ज्यादा है।

**कितने दूध की पैदावार करता है अमूल? :** अमूल आज दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी कंपनी है, जिसमें 36 लाख से ज्यादा किसान जुड़े हैं। अमूल हर दिन 3.2 करोड़ लीटर दूध इकट्ठा करता है और 24 अरब से ज्यादा पैक अमूल प्रोडक्ट्स बेचता है। वहीं मदर डेयरी 'ऑपरेशन फ्लड' योजना के तहत स्थापित की गई थी, जो दूध, तेल, फल-सब्जी समेत कई उत्पाद बेचती है। यह दोनों ब्रांड्स भारतीय उपभोक्ताओं के भरोसे का बड़ा उदाहरण बन चुके हैं।

# सीमेंट की खपत 9% बढ़ी कीमतों में 8% का उछाल



**नई दिल्ली।** सीमेंट उद्योग में मई 2025 में सालाना अधार पर 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार सीमेंट की खपत 39.6 मिलियन मीट्रिक टन (एमटी) हो गई है, जबकि औसत सीमेंट कीमतों में भी करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसमें बताया गया कि कम बिक्री के बाद भी सीमेंट उद्योग ने मई 2025 में 50 किलोग्राम बैग की कीमत 8 प्रतिशत बढ़कर 360 रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह कीमत 340 रुपये थी।

यह साल-दर-साल आधार पर 7% कम थी। हालांकि, चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल और मई) में कीमतों में 7% की सालाना बढ़ोतरी देखी गई है।

## अनंत अंबानी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# सालाना मिल सकता है 20 करोड़ तक वेतन



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी के तहत अब उन्हें सालाना 10 से 20 करोड़ रुपये तक का वेतन, कई तरह के भत्ते और कंपनी के मुनाफे में से कमीशन भी मिलेगा। रिलायंस ने शेयरधारकों को भेजी गई एक नोटिस में बताया है कि अनंत को घर, यात्रा, चिकित्सा, सुरक्षा, और परिवार सहित खर्चों की भरपाई सहित कई सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा उन्हें बिजनेस ट्रिप के दौरान पत्नी व सहायकों के साथ यात्रा और रहने का खर्च भी कंपनी उठाएगी।

**पहले थे नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर :** बता दें कि 2023 में मुकेश अंबानी ने अपने तीनों बच्चों आकाश, ईशा और अनंत को कंपनी के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में शामिल किया था। तब उन्हें कोई वेतन नहीं मिलता था, केवल बैठक में शामिल होने का 4 लाख रुपये का शुल्क और करीब 97 लाख रुपये का मुनाफे पर कमीशन दिया गया था।

हालांकि अब कार्यकारी निदेशक बनने के बाद 30 वर्षीय अनंत को पूरा वेतन मिलेगा। इसको लेकर रिलायंस ने कहा है कि उन्हें ऑयल-टू-केमिकल, न्यू एनर्जी, विनाइल, स्पेशलिटी पॉलिएस्टर, और गिगाफैक्ट्रीज जैसे प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी दी गई है।

**दस साल से रिलायंस समूह से जुड़े है अनंत :** देखा जाए तो अनंत 2015 से रिलायंस समूह से जुड़े हैं। उन्होंने ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है और कंपनी के एनर्जी बिजनेस, खासकर सोलर और रिन्युएबल प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे रिलायंस फाउंडेशन और वन्यजीव संरक्षण प्रोजेक्ट वन्तारा से भी जुड़े हैं।

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उत्साह के साथ काम करेंगे। आप परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आप सफल होंगे।

**वृष :** आज आपके सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार पूरे होंगे. आप अपने बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे।

**मिथुन :** आज निजी संबंधों में मधुरता आ सकती है. शत्रु से मुक्ति मिलेगी। पिछले कुछ समय से चली आ रही परेशानी खत्म होने की संभावना है।

**कर्क :** आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ है। आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकते हैं। भाग्य आपका साथ देगा और आप कठिन कार्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे।

**सिंह :** आप अपना अधिकांश समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे। आज निर्णय लेना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। पैसा आते ही कहीं रुक सकता है।

**कन्या :** आज आप मित्रों के साथ यात्रा-पर्यटन का आयोजन करेंगे. व्यापार में आगे बढ़ेंगे। नए लोगों से संपर्क हो सकता है। आपका काम भी बढ़ सकता है।

**तुला :** आज आप में से कुछ लोगों के लिए भागदौड़ भरी रहेगी. देरी और बाधाएं भी कई बार चिंता का कारण बन सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज आप जो भी काम करना चाहते हैं वो काम बहुत ही आराम से पूरा हो सकता है. किसी काम को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

**धनु :** आप कुछ अच्छी योजनाएँ बनाएंगे, जिससे आने वाले दिनों में आपको लाभ होने की संभावना है। आज आपको कोई भी फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना चाहिए।

**मकर :** आज माता-पिता अपने बच्चों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। किसी फंक्शन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर हो सकता है।

**कुंभ :** आज बुरे लोग आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इसलिए किसी से बहस न करें। कुछ मामलों में परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं हो सकती हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कठिन हो सकता है और आप किसी काम को पूरा करने में असमर्थ हो सकते हैं।

## चुटकुले

माँ- बेटा क्या कर रहे हो?
बेटा- पढ़ रहा हूं माँ..
माँ- शाबाश! क्या पढ़ रहे हो?
बेटा-आपकी होने वाली बहु के मैसेज
दे थप्पड़, दे थप्पड़!

---

लड़की वाले बेटी के लिए लड़का देखने गए
लड़की वाले- कितना कमा लेते हो?
लड़का- इस महीने दो करोड़ कमाया
लड़की वाले- फिर क्या हुआ?
लड़का- बस, फिर मोबाइल में तीन पत्ती हेंग हो गया
और सारी कमाई चली गयी।

---

टीचर : मैं दो वाक्य दूंगा उसमें आपको अंतर बताना है।
पहला वाक्य- उसने बर्तन धोए।
दूसरा वाक्य- उसे बर्तन धोने पड़े।
पप्पू : पहले वाक्य में कर्ता अविवाहित है।
और दूसरे वाक्य में कर्ता विवाहित है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिला अस्पताल एमएमजी में एन्ट्री मैनेजर पद पर कार्यरत कमल अरोड़ा का आज जन्मदिन है। कमल अरोड़ा के जन्मदिन पर उनके सभी शुभचिंतकों, समर्थकों और परिजनों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# सर्राफा बाजार में नरमी, सोना 930 रुपये लुढका, चांदी भी टूटी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर खबरों ने सोने की मांग को कमजोर किया। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोना का भाव 930 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 850 रुपये घटकर 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। चांदी की कीमत 100 रुपये की गिरावट के साथ 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टी की है।

**भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सुरक्षित निवेश की मांग घटी :** अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई। मजबूत मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमतों में गिरावट जारी है। इसके अलावा महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होने से कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट आई है। मेहता ने कहा कि इस गिरावट से बाजारों में तत्काल जोखिम प्रीमियम कम हो गया है, जिससे सोने पर दबाव बढ़ गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बंगाल के भोगनादिघी में सशस्त्र संथालों ने विद्रोह का बिगुल फूंका।
- महान स्वतंत्रता सेनानी दादाभाई नौरोजी का निधन।
- फासीवाद के खिलाफ एंटवर्प में 50 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया।
- भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी. एन. आर. राव का जन्म।
- बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार कॉमिक में नजर आया।
- भारत के विभाजन की घोषणा के बाद बंगाल और पंजाब के लिए बाउंड्री कमीशन के सदस्यों की घोषणा।
- अमेरिका ने क्यूबा से चीनी का आयात बंद किया।
- रवांडा और बुरूंडी स्वतंत्र हुए।
- अमेरिका में बॉक्सर और एक्टर माइक टाइसन का जन्म।
- श्रीलंका के क्रिकेटर सनत जयसूर्या का जन्म।
- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी का विलय।
- हांगकांग से ब्रिटिश शासन खत्म हुआ।
- अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने देश में डिजिटल हस्ताक्षर को कानूनी मान्यता दी।
- स्पेन ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मंधाना ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी, तीनों प्रारूप में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मुकाबले में शानदार पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। मंधाना ने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उनकी इस दमदार पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे 97 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

### हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में संभाली कमान

मंधाना नॉटिंघम में खेले गए इस मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी की। वह हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में कमान संभाल रही थीं। भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर अभ्यास मैच के दौरान सिर पर लगी चोट के कारण एहतियात के तौर पर इस मैच में नहीं खेल रही थी जिससे मंधाना यह जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का




फैसला किया। मंधाना और शेफाली वर्मा ने भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई। मंधाना जहां शुरूआत से ही लय में दिख रही थीं, वहीं शेफाली संघर्ष करती नजर आ रही थीं।

मंधाना इसके साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुरुष भारतीय क्रिकेटरों के क्लब में शामिल हो गई हैं। पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर अब तक छह भारतीय बल्लेबाजों ने ही तीनों प्रारूप में शतक लगाए हैं और अब इसमें मंधाना का नाम भी जुड़ गया है। इस लिस्ट में सुरेश रैना, कोहली, रोहित, केएल राहुल और शुभमन गिल पहले से ही शामिल हैं।

टी20 में शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय महिला बल्लेबाज

### तीनों प्रारूप में शतक लगाने वाली पांचवीं महिला बल्लेबाज

मंधाना तीनों प्रारूप में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में 106 रन की पारी खेली थी। वहीं, टेस्ट में उन्होंने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 127 रन बनाए थे। अब उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया। महिला क्रिकेट में मंधाना ओवरऑल पांचवीं बल्लेबाज हैं जिन्होंने तीनों प्रारूप में शतक लगाया है। मंधाना से पहले बेथ मूनी, लॉरा वोलवार्ड्ट, हीदर नाइट और टैमी ब्यूमोंट ऐसा कर चुकी हैं।

मंधाना महिला टी20 क्रिकेट में शतक जड़ने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। मंधाना ने 51 गेंदों पर सैकड़ा जड़ा और हरमनप्रीत कौर के बाद फटाफट क्रिकेट में शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। इस प्रारूप में अब तक सिर्फ दो भारतीयों ने ही शतक लगाए हैं। शेफाली की धीमी बल्लेबाजी के बावजूद मंधाना और शेफाली रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहीं। मंधाना और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। यह 21वीं बार था जब इन दोनों की सलामी जोड़ी ने 50+ साझेदारी की है। इन दोनों के अलावा किसी ने भी इतनी बार 50+ ओपनिंग साझेदारी नहीं की है। शेफाली और मंधाना ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हिली और बेथ मूनी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 20 बार 50+ साझेदारी की है।

# रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार के फाइनल में पकड़े कैच को याद किया, कोहली के योगदान को भी जमकर सराहा




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव के शानदार कैच को याद किया और कहा कि इस कैच ने मैच में अंतर पैदा किया। रोहित ने स्वीकार किया कि जब भारत ने जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए थे तो वह नर्वस हो गए थे। उन्होंने साथ ही खिताब जिताने के लिए विराट कोहली की पारी को भी सराहा। भारत ने आज ही एक दिन एक साल पहले यानी 29 जून 2024 को दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

### मिलर का कैच लेकर मैच में कराई थी वापसी

फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम को छह गेंद पर 16 रन बनाने थे। स्ट्राइक पर विस्फोटक डेविड मिलर थे। उन्होंने हार्दिक पांड्या की गेंद को सामने की ओर खेला। ऐसा लगा कि गेंद बाउंड्री के बाहर चली जाएगी, लेकिन सूर्यकुमार बीच में आ गए। उन्होंने दो प्रयासों में इस कैच को पूरा किया। सूर्यकुमार ने मिलर का कैच लेकर मैच ही पलट दिया। उनके इसी कैच ने भारत की वापसी मैच में करा दी और टीम इंडिया चैंपियन बन गई थी।

रोहित ने कहा, कैच के बाद अंपायरों ने इसे तीसरे अंपायर की ओर भेजा और देखा कि सूर्यकुमार ने गेंद सही से पकड़ी है या नहीं। सभी की दिल की धड़कनें बढ़ गई थीं। मुझे लगा था कि गेंद छक्के के लिए गई है क्योंकि मैं लॉन्ग ऑन पर खड़ा था जो सूर्यकुमार के विपरीत था। मैं तो सोचना लग गया था कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंदों पर 10 रन चाहिए, लेकिन फिर मैंने देखा कि सूर्यकुमार बीच में आ गए। उन्होंने कहा, उसे कैच को पकड़ने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है क्योंकि जब गेंद हवा में होती है तो लगता है कि ये आसानी से बाउंड्री के पार चली जाएगी। लेकिन हवा के कारण मुझे लगा कि गेंद ग्राउंड पर रही। जब अंपायर कैच को दोबारा देख रहे थे तो मैं सूर्यकुमार के पास ही खड़ा था और मैंने उससे पूछा कि तुम मुझे बताओ कैच लिया है या नहीं क्योंकि मैं बड़े स्क्रीन पर नहीं देखना चाहता। रोहित ने कहा, उसने मुझसे कहा कि मैंने कैच पकड़ा है। लेकिन फिर मैंने देखा कि वह किसी से कह रहा है कि मुझे पता नहीं, लेकिन मैंने कैच पकड़ा है। फिर उन्होंने स्क्रीन पर जूम करके दिखाया।

### रोहित बोले- अक्षर की पारी ने पलटा मैच

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और केशव महाराज ने रोहित तथा ऋषभ पंत को आउट कर दिया था। फिर कगिसो रबाडा ने सूर्यकुमार को पवेलियन भेजा था जिससे भारत ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। रोहित ने कहा, जब हमने शुरूआत में ही तीन विकेट गंवा दिए तो जाहिर है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल चिंतित हो गया था। मैं घबरा गया था और मुझे लग रहा था कि हम मैच में पिछड़ गए हैं। लेकिन मेरे दिमाग में ये भी चल रहा था कि टूर्नामेंट में हमारे मध्य क्रम को ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला है तो जब भी इन्हें अवसर मिलेगा वो प्रभाव छोड़ेंगे। कई लोग अक्षर पटेल की पारी के बारे में बात नहीं कर रहे लेकिन उस पारी ने ही मैच का रुख पलटा। उस वक्त 31 गेंदों पर 47 रन बनाना काफी महत्वपूर्ण था।

# बर्मिंघम में भारतीय टीम को पहली जीत की तलाश
## आठ में से 7 मैचों में मिली है हार, एक रहा ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती है। दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में दो जुलाई से खेला जाएगा। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की है। बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले हैं जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। दो अन्य जिन पर जीत नहीं मिली है, उनमें मैनचेस्टर और साउथम्पटन शामिल हैं।

### सीरीज में पीछे चल रहा है भारत

लीड्स में भारतीय टीम को पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बेन स्टोक्स की टीम 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अच्छा था लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित योगदान



नहीं दे पाए। पहली पारी में भारत के निचले क्रम के प्रदर्शन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पहली पारी में अंतिम सात विकेट 41 रन पर गिर गए थे और भारतीय टीम जो एक समय 500 से ऊपर का स्कोर बनाती नजर आ रही थी वह 471 पर ऑलआउट हो गई थी। दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा खाता नहीं खोल पाए। भारतीय टीम ने अंतिम छह विकेट महज 32 रन पर गंवा दिए थे। प्रसिद्ध का कहना है कि निचले क्रम का भी बल्ले से योगदान दिया जाना जरूरी है और नेट प्रैक्टिस में इस पर भी जोर दिया जा रहा है। 25 साल के शुभमन गिल की कप्तानी को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारूप को अलविदा कहने के बाद गिल ने दायित्व संभाला है। एक बल्लेबाज के तौर पर तो उन्होंने पहली पारी में 147 रन की पारी खेलकर अच्छी फॉर्म का संकेत दिया है, लेकिन एक कप्तान के तौर पर अभी उन्हें छाप छोड़नी बाकी है।

# निकहत जरीन ने एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में जीत से की शुरूआत, राशि शर्मा को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार महिला मुक्केबाज और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने एलीट महिला मुक्केबाजी टूनार्मेंट में शानदार शुरूआत की है। निकहत ने शनिवार को 48-51 किग्रा वर्ग में उत्तर प्रदेश की राशि शर्मा के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।

हैदराबाद के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में 57-60 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंजलि ने विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन को हराकर दिन का बड़ा उलटफेर किया। टूनार्मेंट के शुरूआती दिन अन्य उल्लेखनीय परिणामों में 2023 की विश्व चैंपियन नीतू (हरियाणा) की 45-48 किग्रा वर्ग में रजनी सिंह (यूपी) पर 5-0 से जीत शामिल है। तेलंगाना की याशी शर्मा ने 60-65 किग्रा वर्ग में के मोनिशा (तमिलनाडु) को इसी अंतर



से पटखनी दी। लक्ष्मी (टॉप्स) ने रागिनी (उत्तर प्रदेश) के खिलाफ 51-54 किग्रा बाउट में 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। प्रत्येक 10 भार वर्गों में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पटियाला में आयोजित होने वाले एलीट राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना जाएगा।

# युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी और आयुष का शानदार प्रदर्शन, यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

यह तन्वी की यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तन्वी ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपाथेवन लेत्शाना को 21-13, 21-16 से, जबकि आयुष ने चीनी ताइपे के जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया था।




# रोहित से लेकर सूर्यकुमार तक...भारतीय खिलाड़ियों ने इस तरह याद किए खिताबी जीत के पल

**नई दिल्ली।** एक साल पहले भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतकर बारबाडोस में तिरंगा लहराया था। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सूखे को समाप्त किया था और करोड़ों देशवासियों को खुश होने का मौका दिया था। अब रोहित शर्मा से लेकर सूर्यकुमार यादव तक ने भारतीय टीम की जीत के ऐतिहासिक पलों को याद किया है।

भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी थी। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया था। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप और 13 साल बाद कोई विश्व कप जीता था। 2011 में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था।




# दो पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुना नहीं सकी टीम ए, 13वें मिनट में आर्यन के गोल से सी टीम जीती

**नई दिल्ली।** अपकमिंग सॉकर क्लब (यूपीएससी) की ओर से सीएट कॉलेज मैदान पर लगे शिविर में शनिवार सुबह फुटबॉल मैच खेला गया। सब जूनियर अंडर-12 आयुवर्ग के 80 खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया। फाइनल में यूपीएससी की सी टीम ने दूसरे हाफ के 13वें मिनट में आर्यन के निर्णायक गोल से ए टीम को हरा दिया। मैच का पहला गोल यूपीएससी सी टीम के मिड फिल्डर दिनेश ने 17वें मिनट में किया।

इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए, लेकिन पहले हाफ में सी टीम ने एक गोल की बढ़त कायम रखी। दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में यूपीएससी ए टीम के मिड फिल्डर शांतनु ने डी एरिया से सीधा शॉट गोलपोस्ट में मारकर टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने 10 मिनट तक आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम ए के खिलाड़ियों को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन गोल करने में नाकाम रहे।

दूसरे हाफ के 13वें मिनट में यूपीएससी सी टीम के राइट फॉर्वर्ड खिलाड़ी आर्यन ने दिनेश के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-1



कर टीम को जीत दिला दी। शिविर में 12 टीमों के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य प्रिया सिंह ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को खेल में हिस्सा लेना चाहिए। पूर्व मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक विवेक विक्रम सिंह ने खेल शुरू कराया। संचालन डॉ. अरविंद सिंह और धन्यवाद सत्येंद्र बहादुर सिंह ने दिया। इस मौके पर विक्रांत सिंह, अमित चौबे, आयुष, अजीज, आरिज मौजूद रहे।

### विद्यापीठ की 15 जुलाई से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं

काशी विद्यापीठ ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार कर लिया है। विवि से संबद्ध अंतर-महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का आगाज 15 जुलाई से होगा। क्रीड़ा विभाग के सचिव नवरतन सिंह ने बताया कि शुरूआत टीम गेम से होगी।

पहले चरण में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और कबड्डी की स्पधाएं होंगी। आयोजन विवि परिसर और अन्य निर्धारित महाविद्यालयों के खेल मैदानों पर किया जाएगा। वार्षिक खेल आयोजन में काशी विद्यापीठ से संबद्ध जिले वाराणसी, चंदौली, भदोही और सोनभद्र के 350 से अधिक महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।



अंडर-19 राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता चंडीगढ़ में खेली जाएगी। इसमें वाराणसी के चार खिलाड़ी खेलेंगे। टेनिस कोच ब्रजभूषण यादव ने बताया कि यूपी टीम में वाराणसी के स्माइल गुप्ता, खनक गुप्ता, मयंक यादव और आयुष राय खेलेंगे। प्रतियोगिता 28 जून से 1 जुलाई तक होगी।

बालिका वर्ग की प्रतियोगिता शनिवार देर रात शुरू हुई। यूपी अमच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के सचिव प्रशांत शर्मा ने बताया कि बालिका वर्ग में स्माइल गुप्ता सब जूनियर अंडर-14 में कांस्य पदक जबकि खनक गुप्ता ने सब जूनियर की प्रादेशिक में एक स्वर्ण और एक रजत जीता है। बालक वर्ग में मयंक और आयुष राय भी प्रादेशिक मुकाबलों में पदक जीत चुके हैं। खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।

### क्रॉस कंट्री : अमेरिका में खेलेंगी प्रेमलता यादव

चिरईगांव की रहने वाली और उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात एथलीट प्रेमलता यादव अमेरिका के लिए रवाना हो गईं। वह विश्व पुलिस और फायरमैन गेम्स में भारतीय पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता 28 जून से अमेरिका के अलबामा में होगी। प्रेमलता विश्व पुलिस क्रॉस कंट्री स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।

प्रेमलता अपनी मेहनत और लगन से मुकाम तक पहुंची हैं। पिछले कुछ समय से सिगरा स्टेडियम में प्रशिक्षक चंद्रभान यादव के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश यादव ने बताया कि एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न देशों के सहकर्मियों के साथ सौहार्द का अवसर देती है। प्रेमलता से उम्मीद है कि वह प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी और देश का नाम रोशन करेंगी।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने शुक्रवार को छात्रा मार्शल आर्ट्स की पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में छात्र कल्याण संकाय की ओर से अध्ययनरत छात्राओं के लिए 25 मार्च से 16 अप्रैल तक 15 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी और फोटो का संग्रह किया गया है। संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण संकाय प्रो. राजेश कुमार मिश्र, सहायक संकायाध्यक्ष प्रो. नलिनी श्याम कामिल, प्रो. नंदिनी सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. किरन सिंह, अमिताभ कुमार सिंह, अश्वनी कुमार वर्मा मौजूद रहे।

यूपी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ फिजिकली चैलेंज्ड (पीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव और दिव्यांग क्रिकेट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंह ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा शनिवार शाम को की। वाराणसी के संपूर्णानंद पांडेय को दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया है। मनोनयन के बाद संपूर्णानंद पांडेय ने बताया कि नवंबर में दिव्यांग क्रिकेट का आईपीएल होगा।

### तैराकी : पहले दिन वाराणसी के नाम तीन पदक

प्रादेशिक प्रतियोगिता के पहले दिन वाराणसी के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीता। बालक वर्ग में गौरव सेन गुप्ता और सत्यम साहनी ने जबकि बालिका वर्ग में गायत्री ने पदक हासिल कर काशी का नाम रोशन किया है। रविवार को तीनों खिलाड़ी दो-दो मुकाबले खेलेंगे। बनारस डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में 28 से 30 जून तक खेली जाएगी।
इसमें वाराणसी की 30 सदस्यीय टीम हिस्सा ले रही है। बालक वर्ग में 19 और बालिका वर्ग में 11 खिलाड़ी अलग-अलग स्पर्धा में खेलेंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को बधाई दी। बालक वर्ग के 200 मीटर फ्री स्टाइल में सत्यम साहनी ने कांस्य, 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में गौरव सेन गुप्ता ने रजत और बालिका वर्ग के 400 मीटर व्यक्तिगत में गायत्री ने कांस्य पदक जीता है।

### टेबल टेनिस में अनोखी ने जीता पहला स्टेट टाइटल

पहला यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट वाराणसी की अनोखी केसरी ने जीत लिया है। प्रतियोगिता यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से अलीगढ़ में खेली गई। पहला स्टेट टाइटिल का खिताब अनोखी ने गाजियाबाद की खिलाड़ी अर्चिता को हराकर जीता। पिता शंभु केसरी ने बताया कि अंडर-15 आयुवर्ग में अनोखी ने पांच मुकाबले खेले और जीत हासिल की। फाइनल में अनोखी ने 11-7, 11-5, 11-4 तीनों सेट में एकतरफा जीत हासिल की। संचालन अतुल गुप्ता, धन्यवाद पंकज ने दिया।

खेल विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय ने जिलास्तरीय खेल स्पधाओं की तिथियां शनिवार शाम घोषित कीं।

# एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव ने किया डॉ. सिंह पेट केयर अस्पताल का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को डॉ. सिंह पेट केयर, अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी पालतू पशु अस्पताल का उद्घाटन एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने किया। यह अस्पताल गाज़ियाबाद में पालतू स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करता है, जिसमें नवीनतम तकनीकी सुविधाएँ और सेवाएँ उपलब्ध हैं। प्रमुख विशेषताएं: उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरणः डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईकोकार्डियोग्राफी आदि वही सर्जरी और एंडोस्कोपीः वेंटिलेटर सपोर्ट सहित अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू और क्रिटिकल केयरः गंभीर रूप से बीमार पालतू जानवरों के लिए चौबीसों घंटे देखभालव रहेगी।

पैथोलॉजी लैबः सटीक और समय पर टेस्ट रिपोर्ट, ग्रूमिंग और पेट स्टोरः पालतू की सभी आवश्यकताओं का एक ही स्थान पर समाधान, अनुभवी पशु चिकित्सकः वर्षों के अनुभव वाले प्रशिक्षित विशेषज्ञ, आधुनिक आधारभूत संरचनाः स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक अस्पताल है। एनएचआई चेयरमैन संतोष कुमार यादव इस पहल की सराहना की और पालतू जानवरों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ प्रीतपाल सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह पेट केयर गाज़ियाबाद में पालतू स्वास्थ्य सेवाओं का एक नया मानदंड स्थापित करने जा रहा है। अनुभवी पशु चिकित्सकों, उन्नत तकनीकी उपकरणों और अत्याधुनिक संरचना के साथ यह अस्पताल पालतू जानवरों और उनके मालिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार है।

# कांग्रेस ने की मासिक गतिविधियों की समीक्षा
## संगठन को मजबूत करने पर जोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी की कंपनी बाग, घंटाघर स्थित कार्यालय पर पार्टी गतिविधियों एवं सृजन संगठन को लेकर चर्चा की गई । वीर सिंह जाटव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ने मंच का संचालन किया। मुख्य अतिथि कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी और राजकुमार पंडित की उपस्थिति में मासिक मीटिंग में संविधान बचाओ और संगठन सृजन कार्यक्रम पर चर्चा की गई। मासिक बैठक में महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजाराम भारती पी सी सी,एडवोकेट कमलेश कुमारी, अमित कुमार बांटी, सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी,अमित शर्मा, एडवोकेट चन्द्रपाल अध्यक्ष विधि विभाग, अर्पित अग्रवाल, श्रीचंद दिवाकर, एडवोकेट रामेश्वर दत्त एवं मुख्य अतिथि महानगर कोऑडिटर अजय चौधरी, कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने भारतीय संविधान पर और संगठन सर्जन पर गहनता से अपने अपने वक्तव्य व्यक्त किए । मासिक बैठक में सेकंडों कांग्रेसी सम्मिलित हुए । संगठन सृजन में सभी कार्यकर्ता और नेताओं ने सम्मिलित होकर कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर राखी चतुर्वेदी, विकास शर्मा, समसुद्दीन, गिरीश शर्मा, सलीम अहमद, डॉ कृष्ण कुमार, बबलू भारती, नितिन वर्मा, गोपाल भाटी, रवि शंकर सूर्या, एडवोकेट प्रमोद कुमार, एडवोकेट अशोक कुमार, सविता गौतम,राजीव शर्मा, उमेश कुमार, हाफिज अहमद, अब्दुल कादिर, संतराम, जुगतार भट्टी, चरणसिंह, शैलेन्द्र सिंह, रियाज अहमद, मोहम्मद धीम खान, हरपाल सिंह, आशीष कुमार प्रेमी, उर्मिला, प्रतिमा, जे पी सिंह, चमनलाल, डी एस यादव, उदय सिंह, राकेश कुमार, सतीश चन्द गुप्ता, रामप्रकाश कश्यप, हरि ओम गुप्ता, रवीश कुमार एडवोकेट, पवन शर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, सीमा शर्मा, अमित कुमार बांटी, विनोद कुमार शर्मा, अशोक, विक्रांत चौधरी, महेंद्र कुमार गौतम, मौजदार सिंह, , विजय त्यागी, अरविंद वत्स, अकरम कादारी, खुशनुमा परवीन, मोनिका स्वामी, स्माइल दत्त, निखिल सूर्या, राजेश कश्यप, हरीश गोयल और रविकुमार आदि कांग्रेस के कनिष्ठ और वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नेता सम्मिलित रहे।

# सुंदर दीप कॉलेज में बीबीए एवं बी.कॉम के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में 28 जून 2025 को बीबीए एवं बी.कॉम सत्र 2022-25 के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंतिम वर्ष के छात्रों के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करते हुए तिलक समारोह और पुष्प वर्षा के साथ हुई। डॉ. रवि प्रसाद, एचओडी-बीबीए ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया।

महेन्द्र अग्रवाल, चांसलर-एसजीयू, अखिल अग्रवाल, वाइस चेयरमैन-एसडीजीआई, नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर-एसजीयू, डॉ. प्रसांजीत कुमार, वाइस चांसलर-एसजीयू, पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर-एसजीयू, राजीव रतन, रजिस्ट्रार, डा. दीपा कंवर,उप निदेशक-एस डी सी एम टी एवं सुभाष शर्मा, मुख्य वित्त अधिकारी ने अंतिम वर्ष के छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में एसडीजीआई एवं एसजीयू के विभिन्न निदेशकगण एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. कोकिला सक्सेना, डॉ. हरवीर सिंह, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. आर. डी. गुप्ता, संदीप सिंह, सुमित सिंह, गौरव सचान एवं अमित कौशिक शामिल रहे। कार्यक्रम में कई नृत्य और गायन प्रस्तुतियाँ एवं टैलेंट राउंड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की योजना एवं क्रियान्वयन में डॉ. अंशिता त्यागी, एचओडी-बी.कॉम, डॉ. रश्मि चौधरी, प्रशांत तोमर, डॉ. स्वाति शर्मा, वंदना भारद्वाज, मयंक मिश्रा, अंशु कौशिक, साक्षी रुहेला एवं रवि रंजन का विशेष योगदान रहा।

# लोनी में राजेश पायलट की प्रतिमा का सौंदर्यकरण
## विधायक ने पूजा-अर्चना के साथ किया कार्य का शुभारंभ, सालों की मांग हुई पूरी



**लोनी करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोनी में दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित इंटर कॉलेज के सामने स्थापित पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश पायलट की प्रतिमा का सौंदर्यकरण कार्य शुरू हो गया है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पूजा-अर्चना के साथ कार्य का शुभारंभ किया।

भाजपा नेता राहुल बैंसला और स्थानीय लोग लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे थे। प्रतिमा के आसपास की गंदगी को साफ किया जाएगा। पूरे परिसर को सुसज्जित कर प्रेरणादायी स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने कई वर्षों से इस मुद्दे को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने उठाया था। स्थानीय निवासियों ने कहा कि प्रतिमा के चारों ओर गंदगी और अव्यवस्था से वे आहत थे।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र में ऐतिहासिक और जनभावनाओं से जुड़े स्थलों का संरक्षण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सौंदर्यकरण कार्य जल्द पूरा होगा। यह स्थल स्वच्छता और प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

# नोएडा वेस्ट में शहर भ्रमण पर निकले जगन्नाथ जी: हाइड्रोलिक और रिमोट कंट्रोल्ड रथ में विराजी प्रतिमाएं, भक्तों दर्शन कर लिया लाभ



**नोएडा करंट क्राइम।** यदि हम रथ यात्रा या रथ उत्सव के दौरान रथ पर सवार भगवान के दर्शन कर ले तो हमें फिर कभी पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ेगा। दूसरे शब्दों में जीव को जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ दर्शन देने सड़कों पर उतरे। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा वेस्ट के प्रभारी वेदांत चैतन्य दास ब्रम्ह चारी ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट के गौर सौंदर्यम सोसाइटी से बिसरख सेक्टर एक तक भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा वेस्ट के तत्वाधान में शाम चार बजे से निकली रथयात्रा के शुरूआत में बारिश हुई। भक्तों ने कहा कि इंद्र देवता ने भगवान का अभिषेक किया है। भक्तों ने हरे कृष्ण हरे राम जगन्नाथ की धुन पर भरी बारिश में खूब नृत्य किया। भक्तों ने रथ खींचकर अनंत पुण्य कमाया। समापन स्थल पर इस्कॉन के संन्यासी परम पूज्य लोकनाथ स्वामी महाराज ने भगवान जगन्नाथ की आरती की और उन्हें विश्राम के लिए अनुग्रह किया। इसके बाद हुए प्रवचन में उन्होंने कहा कि हम भगवान के पास नहीं जाते। इसलिए दुनिया के एक मात्र भगवान जगन्नाथ हैं। जो अपना महल जैसा मंदिर छोड़कर सड़क पर आ आते हैं दर्शन देते हैं। बिसरख सेक्टर एक स्थित इस्कॉन मंदिर की प्रस्तावित भूमि पर भंडारा प्रसाद रखा गया।

### साढे छह किलो मीटर घूमे और भक्तों को दर्शन देते रहे जगत के नाथ

रथयात्रा गौर सौंदर्यम सोसाइटी के सामने से शुरू हुई और बिसरख सेक्टर एक आने के दौरान बीच में हवेलियां सेंचुरियन पार्क वैली लॉ रेसीडेंशिया, स्प्रिंग मेडो, निराला स्टेट, नियो टाउन, पंचमुखी हनुमान मंदिर चौराहा, सुपर टेक इकोविलेज1ए पंचशील हाइनीश, सीआरसी एटीएस चौराहे से बिसरख सेक्टर एक में भगवान ने विश्राम किया। पूरी यात्रा करीब साढे छह किलोमीटर लंबी रही।

### हाइड्रोलिक रिमोट कंट्रोल्ड रथ रहा आकर्षक का केंद्र

रथयात्रा के कई आकर्षण रहे। लेकिन हाइड्रोलिक रिमोट कंट्रोल्ड रथ सबसे खास था। इस रथ को जरूरत के हिसाब से ऊंचा और नीचा किया जा सकता है। यदि रास्ते में बिजली के तार या छोटे पेड़ आते हैं तो इसे नीचे करने के उपरांत फिर से ऊंचा किया गया। इसके अलावा रथयात्रा में कीर्तन पार्टी ने जोरदार कीर्तन किया। रथ यात्रा की शुरूआत में भगवान जगन्नाथ को पांच सौ से ज्यादा भोग अर्पित किए गए। इन्हें भक्तगण अपने घर से बनाकर लाए थे। रथ से 200 मीटर आगे आकर्षक और बड़ी ।बड़ी रंगोली बनाई जाएगी। रंगोली बनाने के लिए नोएडा और वृंदावन और लोकल टीम आई थी। ये टीम अपने साथ रंगोली और कई चीजें लाए थे। रंगोली टीम की विशेषता रही कि कि ये 15 मिनट में दस मीटर की रंगोली बना देते हैं और उसे विभिन्न रंगों से सजा देते हैं।




# साहब की मेहनत पर कौन फेर रहा है पानी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक समय था जब बड़े अधिकारी फील्ड पर नजर नहीं आते थे। तो उनके थानों और अन्य कार्यालय में दर्शन भी नहीं होते थे। पर कमिश्नरेट सिस्टम के हालात और हाल बदल रहे हैं। वर्तमान कमिश्नर लगातार थानों के निरीक्षण कर रहे हैं, तो पुलिसकर्मियों को बेहतर पुलिसिंग सीखने के लिए लगातार नए–नए प्रयोग और कार्यशाला भी आयोजित कर रहे हैं। इन सबके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों चर्चा है कि कौन से वह अधिकारी और प्रभारी हैं, जो साहब की मेहनत पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में इन दिनों एक सर्किल में टेंशनों का अंबार लगा हुआ है। तो दोनों ही थानों के मामले ऐसे हैं कि थाने में प्रदर्शन और घेराव चल रहे हैं। इसके साथ ही एक थानाक्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर जो कहानी और किस्से निकाल कर आ रहे हैं, वह अधिकारियों की मेहनत को कहीं ना कहीं धूमिल कर रहे हैं। तो आम जनता भी इससे अवश्य परेशान हो रही है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के एक जोन में तबादलों के खेल वाली चर्चा अभी तक जारी है। लिस्ट आए हुए 15 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन बेचारे टू–स्टार अपना दर्द अपने साथियों और पुराने प्रभारियों को बताते नहीं थक रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़े साहब द्वारा जितना मैनेजमेंट और मीटिंग की जा रही हैं, उसका असर अभी बहुत थोड़ा नजर आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में फरियादियों की एक ही मामले में कई– कई पर्ची कट रही हैं। तो कार्रवाई केवल जांच तक अटकी बताई जा रही है। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके के हाल और हालात अभी बने हुए हैं ऐसी सिचुएशन में कांवड़ वाली यात्रा को लेकर कमिश्नर साहब को अपने थाना प्रभारी वाले स्तर पर अभी और अधिक फोकस करवाना होगा। उधर सुनने में आ रहा है कि लगातार पुलिस कमिश्नरेट में एक अधिकारी कांवड़ यात्रा को लेकर टू–स्टार और नोडल प्रभारी से लेकर अन्य एसीपी से मीटिंग कर गड्ढे भरवाने से लेकर ठेके और मांस की दुकानों से लेकर मदिरालय का डाटा जुटाने में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से साहब की मेहनत चल रही है, वह गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में नए थानों की सौगात देने के साथ पुलिसकर्मियों की वर्क एबिल्टी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं लेकिन उनके ही महकमे के कुछ थाना प्रभारी पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठवाने का काम रह रहे हैं। तो वहीं गाजियाबाद के मिनी कनॉट प्लेस की वायरल वीडियो ने भी कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े किए हैं।




## गंगा तट पर लगी जैटी बैरिकेडिंग की गुणवत्ता पर सवाल
# ब्रजघाट पर 3 करोड़ की लागत से बनी सुरक्षा व्यवस्था फेल, गंगा का जलस्तर बढ़ते ही फूले सैकड़ों बॉक्स



**हापुड़ करंट क्राइम।** ब्रजघाट गंगा तट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाई गई तीन करोड़ रुपये की जैटी बैरिकेडिंग की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। गंगा के जलस्तर में मामूली वृद्धि से ही सैकड़ों बैरिकेडिंग बॉक्स फूलने लगे हैं।

सिंचाई विभाग ने गंगा स्नान पर्व और कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यह अत्याधुनिक बैरिकेडिंग लगाई थी। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को गंगा में गहरे पानी में जाने से रोकना था। इस व्यवस्था से डूबने की घटनाओं में कमी भी आई थी।

### बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ा

करीब एक हजार बॉक्स में से सैकड़ों बॉक्स अब खराब हो चुके हैं। मानसून से पहले ही पहाड़ों की बारिश और बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बरसात में स्थिति और बिगड़ सकती है। चार महीने पहले अज्ञात कारणों से रात में लगी आग में सैकड़ों बॉक्स जल गए थे। शरारती तत्वों की इस करतूत के बाद न तो वास्तविक कारण सामने आया और न ही जले बॉक्स बदले गए।

एसडीएम अंकित कुमार वर्मा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत करा दिया है। जलस्तर बढ़ने से बैरिकेडिंग की खराब स्थिति श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गई है ।

# गाजियाबाद में धड़ाधड़ कट रहे चालान
## 2 दिन में 2060 वाहनों पर हुई कार्रवाई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर यातायात पुलिस ने नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। दो दिन में पुलिस ने विपरीत दिशा में वाहन चालाने, बिना हेलमेट, तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म लगाने आदि नियम तोड़ने पर 2060 वाहनों के चालान किए।

सहायक पुलिस आयुक्त यातायात जियाउल अहमद ने बताया कि 27 से 28 जून तक तीनों जोन में विपरीत दिशा में वाहन चलाने वाले 317, बिना हेलमेट 1168, तीन सवारी पर 409, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने पर 311 दोपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए। ब्लैक फिल्म लगाने वाले 172 वाहनों के चालान किए गए।

गाजियाबाद संभाग के आरटीओ प्रवर्तन केडी सिंह ने बताया कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि स्कूली बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त होने वाले वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों और उनके सभी दस्तावेज पूरे हों। इसी क्रम में शनिवार को परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक कर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सभी प्रवर्तन अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान के दौरान उन सभी स्कूली वाहनों की कड़ी चेकिंग की जाए, जिनकी फिटनेस समाप्त है या बिना परमिट के संचालित होती मिलें। स्कूली वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की विशेष जांच की जाए, जिन स्कूली वाहनों का फिटनेस समाप्त है। उन्हें नोटिस भेज दिया गया है। सभी प्रवर्तन अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान के दौरान उन सभी स्कूली वाहनों की कड़ी चेकिंग की जाए, जिनकी फिटनेस समाप्त है या बिना परमिट के संचालित होती मिलें। स्कूली वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की विशेष जांच की जाए, जिन स्कूली वाहनों का फिटनेस समाप्त है। उन्हें नोटिस भेज दिया गया है।

### अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

बिना फिटनेस, बिना परमिट व सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर दौड़ने वालों स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग एक से 30 जुलाई तक विशेष चेकिंग अभियान चलाएगा। स्कूलों के खुलने से पहले परिवहन विभाग ने जोनवार टीम बनाकर स्कूलों में जाकर अनफिट वाहनों का चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। जिले में कुल 38 बस अनफिट पाई गई है।

# लोनी में गाड़ी चोर गिरोह का भंडाफोड़
## मास्टर चाबी से बाइक चुराते थे तीन शातिर, 10 मोटरसाइकिल बरामद





**लोनी करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहरुख, हसन और अनस के रूप में हुई है। ये तीनों दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करते थे। आरोपी मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर सेकंडों में बाइक का लॉक खोल लेते थे।

पुलिस की जांच में पता चला कि यह गिरोह मांग के अनुसार वाहन चोरी करता था। जिस मॉडल या ब्रांड की बाइक की डिमांड होती थी, उसी को निशाना बनाते थे। इन चोरों का नेटवर्क दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में फैला हुआ था।

पुलिस ने रूटीन चेकिंग के दौरान तीनों को संदिग्ध हालत में पकड़ा। पूछताछ में इनके गिरोह की पूरी जानकारी सामने आई। बरामद की गई मोटरसाइकिलें विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई थीं।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। अब बरामद वाहनों के असली मालिकों की तलाश की जा रही है।

# वसुंधरा के मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइट बंद, शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन एरिया की मुख्य कॉलोनी वसुंधरा के मुख्य मार्गो में स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। जिस कारण रात में लोगों को अंधेरी सड़कों में ही आवागमन करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इसको लेकर स्थानीय प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गो में लगी स्ट्रीट लाइटों की मॉनिटरिंग तक सही तरीके से नहीं की जा रही है। ज्यादातर सड़कें रात में रोशनी के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार है। वसुन्धरा सेक्टर 15 में ही अग्रसेन चौक से लेकर परशुराम चौक तक की दोनों तरफ की स्ट्रीट लाइटें व राहुल डेयरी चौक पर स्थित एक मात्र हाई मास्ट लाइट खराब है। जिस कारण शाम ढलते ही सड़कों पर अंधेरा पसर जाता है, केवल वाहनों के गुजरने पर ही उजाला होता है। ऐसे में लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं जबकि इसी रास्ते हर रोज प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन अपने-अपने कार्यालय आने जाने के लिए होता है फिर भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन दिनों बारिश के कारण परेशानी और बढ़ गयी है, बारिश में अंधेरा होने के कारण लोगों को सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने से अनहोनी की आशंका का डर बना रहता है वहां तो और भी परेशानी है जहां बारिश के पानी से जल जमाव अधिक हो जाता है।

सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी संदीप गुप्ता का कहना है कि इस मार्ग से गुजर रही महिलाओं व बच्चों को अक्सर असामजिक तत्वों से डर लगा रहता है कि कहीं उनके साथ कोई अनहोनी न हो जाए। कई बार तो अंधेरे का फायदा उठाकर कुत्ते भी राहगीरों को काट खाते हैं। इन स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए ने एक बार फिर से स्थानीय लोगों ने जन सुनवाई पोर्टल व एक्स पर आज शिकायत की।

# तंजानिया: दो बसों की टक्कर के बाद लगी आग 37 लोगों की मौत, 30 घायल

**दर अस सलाम ।** उत्तरी तंजानिया में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये हादसा शनिवार शाम किलीमंजारो क्षेत्र के मोशी-टांगा हाईवे पर सबसबा इलाके में हुआ, जब दो बसें आपस में टकरा गईं और देखते ही देखते उनमें आग लग गई। इस हादसे के मारे गए लोगों की पहचान और राष्ट्रीयता की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वहीं घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है।

### राष्ट्रपति सामिया ने जताया शोक

हादसा के बाद देशभर में शोक की लहर दौड़ उठी। तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुहुलु हसन ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि मैं किलीमंजारो क्षेत्रीय आयुक्त, पीड़ित परिवारों, रिश्तेदारों और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे और घायलों को जल्द स्वस्थ करें।




## राष्ट्रपति ने जताया दुख

### सड़क नियमों को पालन करने की अपील

राष्ट्रपति ने सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से पालन करने की अपील की। साथ ही कहा कि ऐसे हादसे लगातार तंजानियाई परिवारों को झकझोरते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तंजानिया में सड़क हादसों में मौतों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, बावजूद इसके कि सरकार ने सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाए हैं।

# ईरान ने युद्धविराम के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला हवाई क्षेत्र

**तेहरान।** सड़क और शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखावन ने बताया कि अब ईरान के पूर्व, मध्य और पश्चिमी हिस्से के हवाई क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। पूर्वी हिस्से में घरेलू उड़ानों की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि तेहरान के मेहराबाद और इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों समेत उत्तर, दक्षिण और पश्चिम के हवाई अड्डों से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित रहीं।

लोगों से अपील- आधिकारिक स्रोतों से ही उड़ानों की जानकारी लें

अखावन ने लोगों से अपील की है कि वे उत्तर, दक्षिण और पश्चिमी क्षेत्र में स्थित हवाई अड्डों पर न जाएं। उन्होंने यात्रियों से कहा है कि वह सिर्फ आधिकारिक स्रोतों से ही उड़ानों से जुड़ी जानकारी लें।

13 जून को इस्राइली हमले के बाद बंद किया था हवाई क्षेत्र



**ईरान ने इस्राइल के साथ युद्धविराम के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हालांकि, अभी भी ईरान के अधिकांश हिस्सों में उड़ान प्रतिबंध लागू हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी**

### कुछ जगह प्रतिबंध अभी भी लागू

यह फैसला ईरान और इस्राइल के बीच 12 दिनों की लड़ाई के बाद हुए युद्धविराम के बाद लिया गया है। ईरान ने बुधवार को अपने पूर्वी हवाई क्षेत्र को फिर से खोल दिया। इससे पहले, 13 जून को इस्राइल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया था। बाद में, ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल से जवाबी हमला किया था।

वर्तमान में मशहद और चाबहार हवाई अड्डे संचालित इस समय पूर्वी ईरान का मशहद और दक्षिण-पूर्व का चाबहार हवाई अड्डा संचालित हैं। इस्राइल ने दावा किया था कि उसने संघर्ष के दौरान मशहद को निशाना बनाया था। बाकी हिस्सों में उड़ानें अगली सूचना तक स्थगित रहेंगी।

# 30 साल में खत्म हो सकते हैं हिमखंड, स्विट्जरलैंड

**नई दिल्ली ।** पश्चिमी कनाडा, अमेरिका और स्विट्जरलैंड के ग्लेशियर बेहद तेजी से पिघल रहे हैं। 2021 से 2024 के बीच इन तीन देशों में कुल ग्लेशियर बर्फ का 12 फीसदी हिस्सा खत्म हो चुका है। शोधकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि यही रफ्तार रही, तो जिन ग्लेशियरों के बारे में हम सोचते हैं कि वे 50 वर्षों तक रहेंगे, वे महज 30 वर्षों में ही इतिहास बन सकते हैं।



चर में प्रकाशित ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हुए एक नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने इस चौंकाने वाली सच्चाई से पर्दा उठाया है। इस अध्ययन से पता चला है कि 21वीं सदी के पहले दशक की तुलना में 2010 से 2019 के बीच ग्लेशियरों का पिघलना दोगुना हो गया। शोध दिखाता है कि उसके बाद के वर्षों में, ग्लेशियरों का पिघलना खतरनाक रफ्तार से जारी रहा। ग्लेशियरों के इस बड़े नुकसान के पीछे प्रमुख कारण गर्म और शुष्क मौसम को बताया गया है।

प्रदूषण भी जिम्मेदार सिर्फ मौसम ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय प्रदूषण भी इस त्रासदी का कारक बन रहा है। स्विट्जरलैंड में सहारा रेगिस्तान से आई धूल और अमेरिका-कनाडा में जंगल की आग से फैली राख ने ग्लेशियरों को काला कर दिया। यह काला रंग सूर्य की गर्मी को अधिक सोखता है और पिघलने की प्रक्रिया को तीव्र बना देता है।

संयुक्त राष्ट्र ने किया 2025 को विश्व ग्लेशियर संरक्षण वर्ष घोषित ग्लेशियरों के बड़े पैमाने पर नुकसान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय ग्लेशियर संरक्षण वर्ष घोषित किया है।

# ईरान ने माना- एविन जेल पर इस्राइली हमले में गई थी 71 लोगों की जान, आईडीएफ ने बनाया निशाना

**तेहरान ।** ईरान की कुख्यात एविन जेल पर हुए इस्राइली हमले में कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि उन्होंने इनकी अलग-अलग संख्या नहीं बताई। न्यायपालिका के इस दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती। इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम प्रभावी होने से एक दिन पहले 23 जून को हुए हमले में जेल की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं।



जहांगीर ने बताया कि घायलों में से कुछ का मौके पर ही इलाज किया गया, जबकि अन्य को अस्पताल ले जाया गया। हमले के दिन न्यूयॉर्क आधारित ह्यसेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ईरान ने जेल पर हमला करने के लिए इस्राइल की आलोचना की थी। समूह ने साथ ही कहा था कि ईरान कानूनी रूप से एविन में बंद कैदियों की सुरक्षा के लिए बाध्य है और हमले के बाद तेहरान के अधिकारियों द्वारा ह्यनिकासी अभियान संचालित करने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने या परिवारों को सूचित करने में नाकाम रहने पर उनकी आलोचना की थी।

यह हमला सोमवार को हुआ था। इस हमले में मरने वालों की पुष्टि अब की गई है। हमले को लेकर ईरान में भारी आक्रोश फैल गया है और यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस हमले की निंदा की गई है। यह जेल दोहरी नागरिकता वाले और पश्चिमी देशों से जुड़े कैदियों को रखने के लिए बदनाम है। जिन्हें ईरान अक्सर पश्चिमी देशों के साथ बातचीत में सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल करता है। इस जेल में कुछ विदेशी कैदियों के होने की बात भी कही जा रही है।

एविन में राजनीतिक कैदियों और पश्चिमी देशों से संबंध रखने वाले लोगों के लिए विशेष इकाइयां भी हैं, जिन्हें केवल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के अधीन काम करने वाले रिवोल्यूशनरी गार्ड चलाते हैं। यह जेल अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा पहले से ही प्रतिबंधों का सामना कर रही है। इस्राइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए उसके कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर 13 जून को हमला किया था।

**रविवार को ईरान की न्यायपालिका ने इसकी पुष्टि की है। यह जेल राजनीतिक कार्यकताओं और असंतुष्टों के बंदीगृह के रूप में जानी जाती है। ईरानीन्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं**

# हसीना सरकार पर चुनावी धांधली की जांच शुरू यूनुस के सहयोगी बोले- अब होंगे निष्पक्ष चुनाव

**ढाका ।** उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहाल करने और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सरकार ने हर जरूरी कदम उठाए हैं। शफीकुल आलम ने साफ किया कि जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह का मुख्य मकसद बांग्लादेश में लोकतंत्र की वापसी था। इसी आंदोलन के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया।



पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन इसी कड़ी में अंतरिम सरकार ने बीते सप्ताह एक पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। इस समिति का नेतृत्व हाईकोर्ट के पूर्व जज शमीम हसनैन कर रहे हैं। समिति 2014, 2018 और 2024 में हुए आम चुनावों में कथित धांधली, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक हस्तक्षेप की जांच करेगी। आरोप है कि इन चुनावों में सत्ताधारी अवामी लीग ने सत्ता में बने रहने के लिए बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की थी।

**बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच, देश की अंतरिम सरकार ने बड़ा दावा किया है कि यह चुनाव बांग्लादेश के इतिहास में सबसे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होंगे। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने यह बात शनिवार को खुलना शहर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही**

# भ्रष्टाचार मामले में फंसे इस्राइली पीएम, ट्रंप समर्थन में उतरे

**वॉशिंगटन ।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी के आरोपों में फंसे हुए हैं। इस्राइली पीएम के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई भी शुरू हो गई है, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का समर्थन किया है। ट्रंप ने इसे राजनीतिक साजिश बताया और कहा कि यह भयावह स्थिति है।



दरअसल इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हमास, हिजबुल्ला और ईरान के साथ लड़ाई के बीच अपने देश में घिरे हुए हैं। नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे आरोप हैं। हालांकि नेतन्याहू ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया और इन्हें फर्जी बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'इस्राइल में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ जो कुछ किया जा रहा है, वह एक भयावह स्थिति है। वह एक युद्ध नायक और प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने ईरान में खतरनाक परमाणु खतरे से छुटकारा पाने में अमेरिका के साथ मिलकर शानदार काम किया है। अहम बात ये है कि वह अभी हमास के साथ एक समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें बंधकों को वापस लाना शामिल है, लेकिन उन्हें पूरा दिन अदालत में बिताना पड़ रहा है और वो भी बिना किसी बात के! यह और कुछ नहीं वैसी ही राजनीतिक प्रताड़ना है, जैसी मुझे झेलनी पड़ी थी।

ट्रंप ने लिखा कि 'ये बिल्कुल गलत है, जो बेकाबू अभियोजकों द्वारा नेतन्याहू के साथ किया जा रहा है। अमेरिका इस्राइल की मदद और समर्थन के लिए हर साल अरबों डॉलर खर्च करता है और यह किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं ज्यादा है।

# श्रीलंकाई जलसीमा में घुसे आठ भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, नौसेना ने नाव भी जब्त की

**कोलंबो ।** श्रीलंका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी नाव को जब्त कर लिया। भारतीय मछुआरों पर आरोप है कि ये मछुआरे श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। यह कार्रवाई मन्नार के उत्तरी क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान की गई।



### एक ट्रोलर समेत आठ मछुआरे हिरासत में

मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि उत्तर-मध्य नौसेना कमान को भारतीय मछुआरों की कुछ नावें श्रीलंका की सीमा में मछली पकड़ते हुए नजर आईं। इसके बाद नौसेना ने अपनी इनशोर पेट्रोल क्राफ्ट तैनात कर उन्हें खदेड़ा और एक ट्रॉलर समेत 8 मछुआरों को हिरासत में ले लिया। अब इन मछुआरों को मन्नार मत्स्य निरीक्षक कार्यालय को सौंपा जाएगा, जहां उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### इससे पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारियां

बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। दोनों देशों के मछुआरे कई बार गलती से एक-दूसरे की सीमाओं में घुस जाते हैं, जिससे विवाद होता है। पाक जलडमरूमध्य जो तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच है, मछलियों की प्रचुरता के कारण मछुआरों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस जलसीमा में घुसपैठ को लेकर पहले भी श्रीलंकाई नौसेना भारतीय मछुआरों पर फायरिंग और नाव जब्त करने की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में तनाव आता रहा है।

# पुलिस से झड़प के दौरान हिरासत में लिए गए दर्जनों सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी, छह पुलिसकर्मी घायल

**बेलग्रेड ।** पिछले आठ महीनों से लगातार हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों ने वूचिच की सत्ता को हिला दिया है।'हमें चुनाव चाहिए' के नारे लगाते हुए राजधानी के स्लाविजा चौक और उसके आस-पास की कई सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। इतने लोग इकट्ठा हुए कि कई लोग आयोजन स्थल तक भी नहीं पहुंच सके। सड़कों पर संघर्ष के दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हथकड़ी लगाकर गिरफ्तार किया। एक पुलिसकर्मी को घायल अवस्था में जमीन पर देखा गया। पुलिस के मुताबिक, छह पुलिसकर्मी और कई आम लोग घायल हुए। राष्ट्रपति वूचिच ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अंत में सर्बिया हमेशा जीतता है।

### पिछले एक दशक से सत्ता में हैं वूचिच

वूचिच पिछले एक दशक से सत्ता में हैं और अब उन्हें एक तानाशाह नेता के रूप में जाना जा रहा है। वह भले ही औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने की बात करते हैं। लेकिन आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति वूचिच लोकतंत्र को कुचल रहे हैं और रूस व चीन के साथ नजदीकी बढ़ा रहे हैं। प्रदर्शन जैसे ही समाप्त हुआ, प्रदर्शनकारियों ने दंगा पुलिस पर अंडे, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य चीजें फेंकीं। पुलिस उन्हें एक पार्क की ओर जाने से रोक रही थी, जहां वूचिच के समर्थकों ने तंबू डालकर डेरा डाल रखा है और राष्ट्रपति कार्यालय के सामने मानवीय ढाल बने हुए हैं।



**प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला किया: गृह मंत्री इविका डाचिच:**सर्बिया के गृह मंत्री इविका डाचिच ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कानून के अनुसार कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक व्यवस्था बहाल की और हमलावरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बाद में बताया कि दर्जनों उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन सही संख्या नहीं बताई गई।

**सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में शनिवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान दंगा पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। यह प्रदर्शन सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जांदर वूचिच के खिलाफ था। लोग जल्द चुनाव की मांग कर रहे थे। इस विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें खासतौर पर विश्वविद्यालय के छात्र थे**

# जीडीए के अनुरक्षण शुल्क की तुलना में निगम का जल व सीवर कर कम : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

## इंदिरापुरम में बढ़ती विकास की रफ्तार, मिल रहा है सभी को लाभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा द्वारा हाउस टैक्स पर कई बार अपना विषय रखा है जिसके क्रम में करदाताओं को जागरूक किया गया है तथा हाउस टैक्स की वसूली लगातार चल रही है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा समस्त जोनल प्रभारी से लगातार बैठक की जा रही है जिसमें हुई यह भी चर्चा सामने आई की वसुंधरा जोन अंतर्गत स्थित इंदिरापुरम के आवासियों तथा अनावासियों भवनों से पूर्व में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षण शुल्क ही लिया जा रहा था किंतु जीडीए द्वारा इंदिरापुरम योजना गाजियाबाद नगर निगम को हस्तांतरित होने के उपरांत नगर निगम द्वारा अनुरक्षण शुल्क के स्थान पर जल कर एवं सिवरकर तथा ड्रेनेज कर की वसूली की जा रही है जो की पूर्व निर्धारित अनुरक्षण शुल्क की तुलना में काफी कम है। नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र को अच्छी सुविधा प्रदान की जा रही है जो की सराहनीय है कई आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद भी किया गया।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा और अधिक स्पष्ट करते हुए इंदिरापुरम की संपत्ति शक्ति खंड एक इंदिरापुरम से अनुरक्षण शुल्क 2970 प्रतिवर्ष वसूला जा रहा था जो की जल तथा सीवर कर के रूप में 2067 वसूला जा रहा है, शक्ति खंड इंदिरापुरम भवन संख्या एसके-1/ 362 में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अनुरक्षण शुल्क 4752 वसूल रहा था जबकि गाजियाबाद नगर निगम 2067 प्रतिवर्ष वसूल रहा है। इसी प्रकार अहिंसा खंड इंदिरापुरम 10043 संख्या 10154 संख्या में जीडीए का अनुरक्षण 9148 था जो कि नगर निगम द्वारा जल तथा सीवर कर के रूप में 6470 वसूला जा रहा है।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम के मुख्य मार्गो तथा आंतरिक वार्डों में कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा आगामी योजना भी बनाई गई है जिसके लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया गया है।

## शोक सांत्वना



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर थाना क्षेत्र के मिलक रावली के रहने वाले रवि शर्मा की थाने के बाहर हत्या कर दी गई थी। पूर्व विधाय सुरेन्द्र कुमार मुन्नी रविवार को स्वर्गीय रवि शर्मा के आवास पर पहुंचे और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना भी दी।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज होने वाली निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों का स्टाईल कर सकता है दंग? कहने वाले ने कहा कि बैठक में विरोध का दिखाई देगा अलग ही पार्षदी वाला रंग? सुना है विरोध के लिए सभागार में लहराये जाने वाले बैनर हो गये हैं तैयार? जब शुरू होगी बोर्ड बैठक तो पार्षदों की जेब में होंगे बैनर और बीच बैठक में आ जायेंगे बाहर? बोर्ड बैठक में लहराये जा सकते हैं विरोध वाले बैनर? इस लिए रहने वाले रहें तैयार ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप कमल वालों को छोड़ो और अपोजिशन वालो की तरफ जरा कैमरे को मोड़ो? आप ये देखकर हो जाओगे हैरान? वहां विरोध का खेमा पड़ा है एक सूनसान? कांग्रेस का एक नेता तो ले रहा है विरोध में लोगों के सिग्नेचर? मगर जरा ये तो बताओ कि उन तीन पार्षदों में से कौन दिखा है तुम्हें लेता हुआ उसका फेवर? आखिर वो तीन क्यों बना रहे हैं मौन वाला सीन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षदों के साथ-साथ आज होनी है जन प्रतिनिधियों के जन विश्वास की भी परीक्षा? बोर्ड बैठक में पार्षदों को रहेगी आज सांसद और विधायकों की प्रतिक्षा? कहने वाले ने कहा कि पता तो चलेगा कि जनप्रतिनिधि जनता के साथ हैं या आपस में एक दूसरे के साथ हैं? हम भी तो देखेंगे कि जब जनता पर लद रहा था करों का लदान? तब सांसद और विधायकों का था किस ओर रूझान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विपक्ष के एक्स हो चुके पार्षद ने टैक्स वाले मुद्दे पर साधा पब्लिक पर भी निशाना? पूर्व पार्षद ने कहा कि वोट देने की बेला में कर दिया इसने हमारे साथ खेला? अब वार्ड का वोटर क्यों कह रहा है खुद को अकेला? भाई साहब जरा पब्लिक को भी तो फील होने दो लहर का कहर? केवल हमारे लिए ही तो नहीं है पब्लिक को भी तो पता चले कि दर्द क्या है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व मेयर को बाईचांस नहीं रही पौधा लगाते समय इस बात की केयर? सुना है फूल वाली मैडम से हो गई ये भूल? उन्होंने उस गमले में कर दिया पौधारोपण, जिस गमले में उगता है फूल? सुना है पौधा भी मंगाया गया था सिंदूर वाला? पूर्व मेयर ने सिंदूर के पौधे को पोलीथीन समेत गमले में लगा डाला? सुना है इस बात पर भाजपाई ने ही भाजपाई को समझाया? क्यों दे रहे हो फूल वाली मैडम की बाईचांस वाली मिस्टेक को इतना तूल? अरे उन्होंने लगा दिया गमले में पौधा? हम जाकर उसे लगा देंगे बाग में अब हो जाओ तुम कूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया के उस पार तालाब पर कर रहे थे पार्षद अपनी मंडल प्रधान का इंतजार? तभी पता चला कि मैडम मंडल प्रधान को कर दिया मंडल वाले वाईस प्रेसीडेंट सिन्हा जी ने फोन? कह दिया हो गया है अब वर्षा के कारण रेनीडे और आप समझो कि प्रोग्राम हो गया कैंसिल? इसके बाद जब ये खबर पहुंची वार्ड वाले प्रधान के पास? उन्होंने तत्काल फोन मिला दिया मैडम मंडल प्रधान को? कहा कि आप पार्षद रहीं है और मैं मौजूदा पार्षद हूं इसलिए हम दोनों समझ सकते हैं पार्षद की पॉवर? मंडल के उपाध्यक्ष के कहने से नहीं होता है प्रोग्राम कैंसिल? आप आईए आपका स्वागत है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाउस टैक्स को लेकर एक अलग ही पोलिटिक्स चल रही है क्षेत्र के पार्षदों और आरडब्लूए के पदाधिकारियों के बीच? सुना है नदिया पार के एक वार्ड में आरडब्लूए वालों ने बनाना शुरू कर दिया पार्षद के खिलाफ ही एटमॉसफेयर? सुना है जारी हुई है कोई वीडियो और कहा जा रहा है कि पार्षद को नहीं है बढ़े टैक्स की जनता के हित में केयर? कहने वाले ने कहा कि मौहल्ले वालों ने भी कर दिया आरडब्लूए की वीडियो वाले गेम का पर्दाफाश? कह दिया जो फैसला होगा बोर्ड में होगा? मगर आरडब्लूए ना लगाये इस मामले में बिना मतलब की आग?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दो पूर्व डिप्टी मेयर पर रहेगी आज सभी की नजर? पता तो चलेगा पब्लिक को वो लेते हैं टैक्स के मामले में किसकी खबर? कहने वाले ने कहा कि पता तो आज डिप्टी मेयर का ख्वाब देखने वाले पार्षद की भी नियत का चलेगा? जनता देखेगी कि उनके पक्ष का पहिया किस ओर चलेगा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम के सदन में ओवैसी की पार्टी से भी पार्षद हैं और कोई आम आदमी से भी जीता है? कहने वाले ने कहा कि सारा विरोध का लावा केवल भगवा रंग में ही बाहर थोड़ी ना आयेगा? ओवैसी, आप, हाथ और निर्दलीय वाली पॉलिसी का भी आज पता चल जायेगा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सरकारी कृपा को लेकर अब साध ली है देवतुल्यों ने गहन सी खामोशी? उन्हें पता है ये साल बीत जायेगा मगर नहीं होने जा रही किसी की भी सरकारी कृपा वाले कोटे में कोई भी ताजपोशी? अब सब कर रहे हैं टीम के गठित होने और स्टेट की घोषणा होने का इंतजार? उसी के बाद तय होगा किस चौखट पर रखना है माथा और प्रणाम करने जाना है किन भाई साहब के द्वार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद सहकारी क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स वैभव कुमार का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान वीरेन्द्र सारस्वत ने डिप्टी रजिस्ट्रार से कई मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ राजनगर आरडब्लूए के महामंत्री अमरीश कुमार त्यागी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नर ने क्राइम ब्रांच, महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र का किया निरीक्षण

## पुलिसकर्मियों को व्यवहार सुधारने के निर्देश, परिवारों को भी हो जोड़ने का काम

### जल्द बनेगा महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र में वेटिंग एरिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। तो पुलिस कर्मियों को वर्किंग सुधारने के निर्देश दे रहे हैं। उनका मकसद है कि लोगों को थाने, चौकी और अधिकारियों के कार्यालय में न्याय मिले और जनता को परेशान ना होना पड़े। इसी कड़ी में उन्होंने क्राइम ब्रांच, महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र परिसर में आगंतु कक्ष बनाने का निर्देश दिया है। वहीं डाक कार्यालय, मलखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय और अन्य रिकार्ड का भी निरीक्षण करते हुए उसे बेहतर बनाने की निर्देश दिया है।









### सीपी का निर्देश काउंसलिंग कर जोड़े जाएं टूटे हुए परिवार

करंट क्राइम : इस दौरान पुलिस कमिश्नर द्वारा एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह व नोडल अधिकारी को निर्देश दिया है कि परिवार परामर्श केंद्र पर पारिवारिक विवाद की प्राप्त शिकायतों में काउंसलिंग करते हुए उन परिवारों को भावनात्मक सहयोग प्रदान कर परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवार को दोबारा जोड़ने पर भी ध्यान देना चाहिए। पुलिस कई प्रयास करें तो टूटे हुए परिवार बचाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई न करें। दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही अधिकारी उचित निर्णय लें।

### रिकॉर्ड रहे अपडेट और चालू रहें कैमरे

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया है कि तीनों ही थानों और केंद्र के रिकॉर्ड को अप टू डेट रखा जाए। तो वहीं यहां लगाए गए कैमरों को हमेशा चालू रखा जाए ताकि इनका आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जा सके। साथ ही पुलिस कर्मियों को बेहतर व्यवहार करने और साफ सफाई परिसर में बढ़ाने की बात कही गई है।

## गाजियाबाद में 4 दिन तक बारिश का अलर्ट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं, सुबह के समय न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। इससे पहले शनिवार शाम झमाझम बारिश से मौसम बदला। शनिवार शाम बारिश से मौसम बदल गया। जहां तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शहर में कहीं हल्की बारिश हुई तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश हुई। बारिश के दौरान हवा की गति 20 किमी प्रति घंटा से रही। इससे पहले रविवार सुबह से तेज धूप खिली हुई थी। जहां लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले 3 दिनों में उमस भरी गर्मी बढ़ी, लेकिन मंगलवार को ही बारिश से मौसम में राहत मिली है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में मानसून आ चुका है। जहां यूपी के अलग अलग जिलों में बारिश हो रही है। पूरे एनसीआर में बारिश होने का अनुमान जताया है। अगले 4 दिनों में हर रोज बारिश होने का अनुमान है।

# सजावट हैंडिक्राफ्ट की प्रदर्शनी का संजीव गुप्ता एवं राजीव गुप्ता ने किया उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार, वोल्गा पैलेस में चल रही विशाल फैशन प्रदर्शनी में सजावट हैंडीक्राफ्ट के स्टाल का समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता एवं डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने रिबन काटकर उद्घाटन किया।सजावट हैंडीक्राफ्ट की एक प्रदर्शनी अनामिका के द्वारा वोल्गा पैलेस में लगाई गई है। जिसमें शुभ अवसर पर इस्तेमाल करने वाली अनेकों वस्तुओं के साथ आधुनिक फैशनेबल आइटम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस उद्घाटन अवसर पर राधा गोयल एवं ऋषभ गोयल भी उपस्थित रहे।

# यशोदा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने सुनी मन की बात और किया योग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के हालिया एपिसोड में स्वास्थ्य, योग और जीवनशैली में संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर देशभर में हुई सक्रिय भागीदारी का ज़िक्र करते हुए इसे जन-जागरूकता में एक सकारात्मक बदलाव बताया।

योग दिवस के इस विशेष अवसर पर यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा न सिर्फ योग सत्र में शामिल हुए, बल्कि उन्हें मन की बात कार्यक्रम में योग करते हुए भी देखा गया – जो एक प्रेरणादायक क्षण था। यह दृश्य न केवल योग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी कि नेतृत्व कैसे स्वयं उदाहरण बनकर जनस्वास्थ्य संदेशों को आगे बढ़ाता है। यशोदा ग्रुप का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि लोगों को ऐसा जीवन जीने की प्रेरणा देनी चाहिए, जो उन्हें बीमारियों से पहले ही बचा सके। योग जैसे प्राचीन और प्रभावशाली तरीकों को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़कर, यशोदा एक ऐसा हेल्थकेयर मॉडल बना रहा है जो मरीज को केंद्र में रखकर काम करता है।

# निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात, किया पौधरोपण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष ने बूथ नम्बर 254 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 123वें एपिसोड को सुना। निवर्तमान ब्रज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, विक्रम चौधरी, उमेश सक्सेना, विनोद पंथ, गीता सिंह, उर्वशी चौहान, गोपाल करगेती, भूपेश शर्मा, संजीव शर्मा, जगदीशपुर प्रसाद के साथ पार्क में "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधरोपण किया गया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुधीर त्यागी ने कहा कि इंटरनेशनल लेबल आर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं। वही इमरजेंसी लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।

# मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को मिला बल : पप्पू पहलवान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा संगठनात्मक निर्देशों के अंतर्गत महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण चावला रेस्टोरेंट, निकट चंद्रशेखर पार्क, शालीमार गार्डन विस्तार द्वितीय में किया गया। मुख्यरूप से पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री रामेन्द्र राय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत पूर्वांचल समाज से तीन स्थानों शालीमार गार्डन लाजपत नगर और तिकोना पार्क पर बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता काली द्वारा की गई । इन बैठकों के दौरान रामेन्द्र राय का पगड़ी पहनाकर पारंपरिक रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश से पधारे सम्मानित जनों के साथ एक स्नेहपूर्ण एवं सकारात्मक संवाद भी सम्पन्न हुआ। इस संवाद में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से यह आग्रह किया गया कि जिन कार्यकर्ताओं या नागरिकों के परिचित अथवा परिजन बिहार राज्य में निवास करते हैं, वे उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हुए जनहितैषी कार्यों की जानकारी दें एवं उन्हें भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में मतदान हेतु प्रेरित करें। यह आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूती देने वाला तथा सामाजिक और राष्ट्रीय एकजुटता को समर्पित रहा। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद रामनिवास बंसल, किरण पाल, प्रवेश बिधूड़ी, राकेश तिवारी, पंकज तिवारी, हृदयकांत झा, सीमा सिंह, अनीता राणा,

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात', किया पौधरोपण







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने अपने निवास पर पीएम के मन की बात का 123वां संस्मरण कार्यक्रम को सुना। उसके उपरान्त डॉ. श्यामा प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मां के नाम पौधरोपण किया गया।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, गजराज सिंह, रवींद्र प्रधान, बिक्रम बंसल, बिनेन्द्र कटारिया, सुभाष भाटी, आशीष चौधरी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, आकाश चौधरी बूथ अध्यक्ष, धर्मेंद्र शर्मा, राजेश गुप्ता, विनय, नितिन भाटी, हरिओम, यशवर्धन, ओजस सहित कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

पार्षद शिल्पा चौधरी ने बताया कि यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाली एक चेतना की धारा है। प्रधानमंत्री ने 1975 की आपातकाल को याद करते हुए कहा कि हमें यह स्मरण कराया कि भारत की जनता ने कभी लोकतंत्र के साथ समझौता नहीं किया। उनका यह संदेश हमें न सिर्फ अतीत से सीखने की प्रेरणा देता है, बल्कि वर्तमान में राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए भी प्रेरित करता है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी और उनकी पत्नी लता त्यागी को उनकी मैरिज ऐनीवर्सी पर शुभकामनांओं का सबसे बड़ा उपहार उनके पुत्र योगेश त्यागी ने दिया। योगेश त्यागी ने अपने मम्मी पापा को उनके सफल सुखद और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। योगेश त्यागी ने अपने मम्मी पापा की मैरिज ऐनवर्सी के इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।